CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 अंक - 172 राजनांदगांव, सोमवार 11 मई 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## तमिलनाडु के 9वें सीएम बने विजय, 9 मंत्रियों ने भी ली शपथ



चेन्नई। अभिनेता से नेता बने तमिलगा वेत्री कड़गम के संस्थापक सी. जोसेफ विजय ने रविवार को तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने राजभवन में आयोजित समारोह में तमिल भाषा में पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एक दिलचस्प वाकया भी देखने को मिला। विजय निर्धारित शपथ पाठ से आगे बोलने लगे, जिस पर राज्यपाल R. N. Ravi ने उन्हें बीच में टोकते हुए कहा कि जो लिखकर दिया गया है, वही पढ़ें। इसके बाद विजय ने दोबारा तय प्रारूप के अनुसार शपथ पूरी की। विजय के साथ 9 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें एन. आनंद, आधव अर्जुन, डॉ. के.जी. अरुणराज, के.ए. सेंगोट्टैयन, पी. वेंकटरमणन, आर. निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ. टी.के. प्रभु और सेल्वी एस. कीर्तना शामिल हैं। खास बात यह रही कि पहले मंत्रिमंडल में सहयोगी दलों के किसी भी विधायक को जगह नहीं दी गई। सभी मंत्री TVK के ही विधायक हैं। सरकार गठन से पहले शनिवार को विजय ने राज्यपाल को TVK, कांग्रेस, CPI, CPM, VCK और IUML के कुल 121 विधायकों के समर्थन पत्र सौंपे थे। इसके बाद उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया गया। 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में बहुमत के लिए 118 विधायकों की जरूरत होती है और विजय गठबंधन के पास फिलहाल 121 विधायकों का समर्थन है। तमिलगा वेत्री कड़गम ने अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 234 में से 108 सीटों पर जीत दर्ज की। महज दो साल पुरानी पार्टी के लिए यह प्रदर्शन बेहद अहम माना जा रहा है। विजय की लोकप्रियता और गठबंधन की रणनीति ने राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव ला दिया। विजय के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही तमिलनाडु की राजनीति में 59 साल बाद बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 1967 के बाद पहली बार किसी गैर-द्रविड़ दल का नेता राज्य का मुख्यमंत्री बना है। इससे पहले 1963 से 1967 के बीच कांग्रेस के एम. भक्तवत्सलम मुख्यमंत्री रहे थे। राजनीतिक विश्लेषक इसे तमिलनाडु की राजनीति में नए दौर की शुरुआत मान रहे हैं।

### सीएम पद संभालते ही विजय का पहला बड़ा ऐलान, 2 महीने में 500 यूनिट बिजली खपत करने वालों के लिए राहत भरी खबर

तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय ने पद संभालते ही आम लोगों को बड़ी राहत दी है। विजय ने बिजली बिल में भारी छूट का ऐलान कर दिया है। अब घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो महीने में 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। यह लाभ उन उपभोक्ताओं को मिलेगा, जिनका बिजली खपत दो महीने में 500 यूनिट है। मुख्यमंत्री विजय ने कहा कि सरकार का फोकस आम आदमी पर है। जिन परिवारों का दो महीने का बिजली खर्च 500 यूनिट से कम या बराबर है, उन्हें 200 यूनिट बिल्कुल फ्री मिलेंगी। पहले यह छूट सिर्फ 100 यूनिट तक सीमित थी। यानी अब सीधे डबल राहत मिली है। यह स्कीम उन लोगों के लिए गेम चेंजर साबित होगी, जिनके घर में पंखा, फ्रिज, टीवी और छोटे-मोटे उपकरण चलते हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों में जहां बिजली बिल पूरे महीने की कमाई का बड़ा हिस्सा खा जाता था। जिन उपभोक्ताओं का हर माह बिजली खपत 500 यूनिट से ज्यादा है, उनके लिए पुरानी व्यवस्था जारी रहेगी। उन्हें अभी भी 100 यूनिट फ्री मिलेंगी और बाकी यूनिट पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी बोले - एक साल तक सोना न खरीदें, पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करें: भारत में तेल के कुंए नहीं



हैदराबाद। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और दुनिया में गहराते ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से पेट्रोलियम उत्पादों का संयम से इस्तेमाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और गैस जैसी चीजों का जरूरत के हिसाब से उपयोग करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि इससे देश की विदेशी मुद्रा की बचत होगी और युद्ध जैसे हालात का असर भी कम पड़ेगा। हैदराबाद में 9,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पाद विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर लोग जरूरत से ज्यादा पेट्रोल, डीजल और गैस का इस्तेमाल करेंगे तो इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया इस समय बड़े ऊर्जा संकट से गुजर रही है और पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने चिंता और बढ़ा दी है। पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग बहुत सोच-समझकर करें। उन्होंने कहा कि इससे न केवल विदेशी मुद्रा बचेगी बल्कि युद्ध और वैश्विक संकट का असर भी कम होगा।

### ऊर्जा के दूसरे विकल्पों पर तेजी से काम कर रही सरकार

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के बड़े देशों में शामिल हो चुका है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण का काम तेजी से बढ़ाया गया है। सरकार पहले देश के हर घर तक एलपीजी पहुंचाने पर काम कर रही थी और अब पाइप गैस को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही सीएनजी आधारित व्यवस्था को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि इन सभी प्रयासों की वजह से भारत दुनिया के बड़े ऊर्जा संकट का मजबूती से सामना कर पा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## असम में फिर हिमंता राज: विधायक दल के नेता चुने गए हिमंता बिस्वा सरमा, 12 मई को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ



नई दिल्ली। असम में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद नेतृत्व को लेकर चल रही सभी अटकलों पर आज विराम लग गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में हिमंता बिस्वा सरमा को सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया है। अपनी रणनीतिक कुशलता और विकासवादी छवि के लिए पहचाने जाने वाले सरमा लगातार दूसरी बार राज्य की कमान संभालेंगे।

वह 12 मई को एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। 4 मई को आए चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की 126 सीटों में से 82 पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया था।

### पूर्वोत्तर में भाजपा का बढ़ता प्रभाव

हिमंता बिस्वा सरमा की यह ताजपोशी केवल असम तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे पूरे उत्तर-पूर्व में भाजपा की पैठ को और मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है। पिछले कार्यकाल में स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभागों को कुशलता से संभालने वाले सरमा के पास अब पूरे राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की जिम्मेदारी होगी। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि सरमा के नेतृत्व में असम में विकास की गति और तेज होगी।

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे दिग्गज

12 मई को होने वाले इस भव्य शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और एनडीए गठबंधन के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। यह समारोह भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की खुशी और असम की जनता के प्रति आभार प्रकट करने का एक बड़ा मंच बनेगा। गुवाहाटी में समारोह की तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं।

### अगली पारी की चुनौतियां और लक्ष्य

मुख्यमंत्री के रूप में हिमंता बिस्वा सरमा के सामने अपनी पिछली उपलब्धियों को और आगे ले जाने की चुनौती होगी। घुसपैठ, सीमा विवाद और रोजगार जैसे मुद्दों पर सरकार का फोकस रहने वाला है। भाजपा कार्यकर्ताओं में सरमा के नाम पर मुहर लगने के बाद जश्न का माहौल है। असम की जनता ने जिस उम्मीद के साथ भाजपा को प्रचंड बहुमत दिया है, उसे पूरा करना सरमा की नई कैबिनेट की पहली प्राथमिकता होगी।

## यूपी मंत्रिमंडल में नई टीम: मनोज पांडे और भूपेंद्र चौधरी समेत 8 मंत्रियों ने ली शपथ



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लोकभवन में रविवार को योगी आदित्यनाथ सरकार का महत्वपूर्ण मंत्रिमंडल विस्तार संपन्न हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में 8 प्रमुख नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई।

इस विस्तार के जरिए भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों से पहले अपने सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों को और अधिक पुख्ता करने की कोशिश की है। इस नई टीम में पुराने वफादारों के साथ-साथ विपक्षी दलों से आए कद्दावर चेहरों को भी जगह दी गई है।

### इन 8 मंत्रियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

राजभवन और लोकभवन द्वारा जारी सूची के अनुसार, आज शपथ लेने वाले मंत्रियों में निम्नलिखित नाम शामिल हैं - भूपेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य, जिन्हें एक बार फिर कैबिनेट में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। मनोज पाण्डेयः रायबरेली के ऊंचाहार से विधायक और सपा छोड़कर भाजपा में आए कद्दावर ब्राह्मण चेहरा। कृष्णा पासवानः फतेहपुर क्षेत्र से आने वाली प्रभावशाली महिला दलित नेता। कैलाश राजपूतः लखीमपुर खीरी क्षेत्र के कद्दावर विधायक और पिछड़ा वर्ग का बड़ा चेहरा। सोमेंद्र तोमरः मौजूदा राज्य मंत्री, जिन्हें उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रमोट कर अब कैबिनेट का दर्जा दिया गया है। अजीत सिंह पालः राज्य मंत्री से प्रमोट होकर अब कैबिनेट में अपनी नई पारी की शुरुआत करेंगे। सुरेन्द्र दिलेरः हाथरस क्षेत्र से आने वाले दलित समाज के प्रमुख प्रतिनिधि। हंसराज विश्वकर्मा : वाराणसी क्षेत्र के अनुभवी नेता और विधान परिषद सदस्य।

### प्रमोशन और राजनीतिक संदेश

इस विस्तार की सबसे बड़ी खासियत सोमेंद्र तोमर और अजीत सिंह पाल का प्रमोशन रही, वहीं, मनोज पांडे और भूपेंद्र चौधरी जैसे दिग्गजों को शामिल कर भाजपा ने सवर्ण और जाट वोट बैंक को साधने का स्पष्ट संदेश दिया है। कृष्णा पासवान और सुरेंद्र दिलेर की नियुक्ति से दलित राजनीति में भाजपा अपनी पैठ और गहरी करने के इरादे से आगे बढ़ी है। सपा छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले मनोज पांडे को कैबिनेट में जगह मिलना समाजवादी पार्टी के लिए एक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## किम जोंग की हत्या हुई तो नॉर्थ-कोरिया न्यूक्लियर अटैक करेगा

### संविधान में नया प्रावधान जोड़ा, हमले में ईरानी सुप्रीम लीडर की मौत के बाद फैसला



प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने अपने संविधान और परमाणु नीति में बड़ा बदलाव करते हुए नया प्रावधान जोड़ा है। अब अगर देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन की हत्या हो जाती है या किसी विदेशी हमले के दौरान वे लीडरशिप करने की हालात में नहीं रहते, तो उत्तर कोरिया तुरंत परमाणु हमला करेगा। ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, यह बदलाव मार्च में तेहरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद किया गया। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई और कई सीनियर ईरानी अधिकारियों की मौत हो गई थी।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों ने प्योंगयांग को सोचने पर मजबूर कर दिया और उत्तर कोरिया को डर सताने लगा कि भविष्य में ऐसा डिकैपिटेशन स्ट्राइक यानी टॉप लीडरशिप को खत्म करने वाला हमला उसके खिलाफ भी हो सकता है।

यह नया प्रावधान 22 मार्च को प्योंगयांग में शुरू हुए 15वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के पहले सत्र के दौरान अपनाया गया। बाद में दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने सीनियर सरकारी अधिकारियों को इस बदलाव की जानकारी दी।

### क्यों बदली गई उत्तर कोरिया की परमाणु नीति?

डिफेंस एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरान पर हुए हमलों ने उत्तर कोरिया की लीडरशिप को झकझोर दिया। हमलों की तेजी और सटीकता देखकर प्योंगयांग को लगा कि विदेशी शक्तियां किम जोंग-उन और उत्तर कोरियाई मिलिट्री लीडरशिप के खिलाफ भी इसी तरह का ऑपरेशन कर सकती हैं।

सियोल स्थित कूकमिन यूनिवर्सिटी में इतिहास और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर आंद्रेई लांकोव ने मीडिया से कहा कि ईरान पर हुआ ऑपरेशन उत्तर कोरिया के लिए एक बड़ा चेतावनी संकेत बन गया। लांकोव ने कहा कि ईरान एक वेक-अप कॉल था। उत्तर कोरिया ने देखा कि अमेरिका और इजराइल के डिकैपिटेशन हमले कितने प्रभावी थे, जिन्होंने तुरंत ईरानी लीडरशिप के बड़े हिस्से को खत्म कर दिया। अब उत्तर कोरिया बेहद डरा हुआ होगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एल्विश यादव को लॉरेंस बिश्नोई की धमकी : गैंग ने फोन कर मांगे 10 करोड़, दी दो दिन की मोहलत; न देने पर दी ये धमकी



गुरुग्राम। बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव को 10 करोड़ रुपये की फिरौती की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें एक विदेशी व्हाट्सएप नंबर से दी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को रणदीप मलिक बताया और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का दावा किया।

### दो दिन के भीतर दी गोली मारने की धमकी

पुलिस ने रविवार को इस घटना की जानकारी दी। यादव के परिवार ने आरोप लगाया कि पैसे न देने पर उन्हें दो दिन के भीतर गोली मारने की धमकी दी गई है। यादव की शिकायत पर सेक्टर 56 पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यादव ने बताया कि उन्हें 5 मई को विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया था, जिसका वह जवाब नहीं दे पाए।

### रणदीप ने बताया खुद को लॉरेंश का करीबी

बाद में उन्हें उसी नंबर से धमकी भरा संदेश मिला। संदेश में रणदीप मलिक ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का करीबी बताया। उसने दो दिन में 10 करोड़ रुपये की मांग की और भुगतान न करने पर गोली मारने की धमकी दी। यह धमकी भरा संदेश उनके पिता के मोबाइल नंबर पर भी भेजा गया था। मामला क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है और कॉल के स्रोत का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

### एल्विश यादव का पिछला विवाद

यादव वर्तमान में लाफ्टर सेफ नामक एक शो की शूटिंग के लिए गुरुग्राम से बाहर हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर यादव ने 2023 में बिग बॉस ओटीटी का दूसरा सीजन जीता था। वह हाल के वर्षों में कई कारणों से खबरों में रहे हैं। पिछले अगस्त में, उनके सेक्टर 56 स्थित आवास के बाहर अज्ञात बंदूकधारियों ने दो दर्जन से अधिक गोलियां चलाई थीं। दिल्ली पुलिस ने बाद में इस मामले में दो हमलावरों को गिरफ्तार किया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान ने समुद्र में 3,000 बैरल तेल बहाया: ऑयल स्टोर की जगह कम पड़ी



तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी। फारस की खाड़ी में ईरान के खार्ग आईलैंड के पास बड़ा तेल रिसाव देखा गया है। सैटेलाइट तस्वीरों में समुद्र में फैला तेल साफ नजर आया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह रिसाव अमेरिकी प्रतिबंधों और होर्मुज में बढ़े तनाव के कारण हो सकता है। ऑर्बिटल EOS नाम की संस्था के अनुसार, समुद्र में तेल करीब 51 वर्ग मील से ज्यादा इलाके में फैल चुका है। अनुमान है कि 3,000 बैरल से ज्यादा तेल पानी में बह गया है।

रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अमेरिकी प्रतिबंधों और नौसैनिक दबाव की वजह से ईरान के तेल निर्यात पर असर पड़ा है। कई तेल टैंकर फंसे हुए हैं और देश के पास तेल स्टोर करने की जगह कम पड़ रही है। इसी कारण यह आशंका जताई जा रही है कि एक्स्ट्रा ऑयल समुद्र में छोड़ा जा रहा है।

हैम्बर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर नीमा शोकरी ने कहा कि तेल कुओं को अचानक बंद करना आसान नहीं होता, क्योंकि इससे पाइपलाइन जाम हो सकती हैं या तेल भंडार को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा, 'तेल के कुएं ऐसी मशीनें नहीं हैं जिन्हें जब चाहें बंद और चालू किया जा सके।' कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि खार्ग आइलैंड के पास पुरानी पाइपलाइन में लीकेज भी इसकी वजह हो सकती है। यह तेल धीरे-धीरे सऊदी अरब के समुद्री क्षेत्र की तरफ बढ़ रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचने का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं ईरान ने तेल रिसाव की खबरों को खारिज कर दिया है। सरकारी मीडिया के मुताबिक, ईरान ऑयल टर्मिनल्स कंपनी ने कहा कि जांच में कहीं भी तेल लीकेज के सबूत नहीं मिले हैं। ईरान ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों में देश के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पश्चिम एशिया में फिर बढ़ा तनाव: मोजतबा खामेनेई ने सेना को दिए नए निर्देश, IRGC ने दी कड़ी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर तेजी से बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान की शीर्ष सैन्य नेतृत्व टीम की सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद ईरानी सेना को नए रणनीतिक निर्देश जारी किए गए हैं। इस बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका और इजरायल समर्थित ताकतों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी हमले का तेज, कठोर और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब होर्मुज जलडमरूमध्य में लगातार समुद्री घटनाएं, तेल टैंकरों पर कथित हमले और ईरान-अमेरिका-इजरायल के बीच बढ़ता टकराव क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर रहा है।

### मोजतबा खामेनेई से मिले ईरानी सैन्य प्रमुख

ईरानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान के सशस्त्र बलों की यूनिफाइड कमांड के प्रमुख अली अब्दोल्लाही ने मोजतबा खामेनेई से मुलाकात की। बैठक में खाड़ी क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति, सैन्य तैयारियों और मौजूदा तनाव पर विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि बैठक का मुख्य फोकस हालिया समुद्री घटनाओं और वाणिज्यिक जहाजों पर कथित हमलों के बाद संभावित सैन्य प्रतिक्रिया की तैयारी पर था। इससे यह संकेत मिलता है कि ईरान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच उच्च स्तर पर लगातार समन्वय जारी है।

### सेना को जारी किए गए नए निर्देश

रिपोर्टों के मुताबिक, मोजतबा खामेनेई ने ईरानी सशस्त्र बलों को नए परिचालन निर्देश जारी किए हैं। इनमें सैन्य सतर्कता बनाए रखने, दुश्मनों पर दबाव कायम रखने और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता मजबूत करने पर जोर दिया गया है। ईरानी सूत्रों के हवाले से कहा गया कि निर्देशों में सैन्य अभियानों को जारी रखने और दुश्मनों का मजबूती से सामना करने की बात कही गई है। ईरानी सैन्य अधिकारियों ने कहा, सशस्त्र बल अमेरिकी-जायोनी (इजरायली) दुश्मनों की किसी भी कार्रवाई का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यदि दुश्मन कोई गलती करता है तो ईरान की प्रतिक्रिया तेज, कठोर और निर्णायक होगी। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने अलग से बयान जारी कर चेतावनी दी कि, अगर ईरानी तेल टैंकरों या व्यापारिक जहाजों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एएसआई और एडीएम दफ्तर का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार: दोनों पहले ले चुके थे पहली किश्त



बिलासपुर एसीबी ने सक्ती और कोटा में किया डबल-ट्रैप

बिलासपुर/सक्ती। छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो बिलासपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिलासपुर कलेक्ट्रेट में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 विजय पांडेय को 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी कार्यालय में पदस्थ है।

वहीं, सक्ती जिले के चंद्रपुर थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक एस.एन. मिश्रा को भी 20 हजार रुपए रिश्वत पकड़ा गया है। मारपीट केस में कार्रवाई से बचाने के एवज में 40 हजार मांगे थे। आज रविवार को यह दोनों कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक कोटा निवासी होटल संचालक देवेंद्र कश्यप के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई चल रही थी। आरोपी बाबू विजय पांडेय ने जुर्माना राशि 1 लाख रुपए तक होने की बात कहकर उसे 30 हजार रुपए कराने के बदले 20 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत ACB से की। सत्यापन के दौरान पता चला कि आरोपी पहले ही 5 हजार रुपए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# भीषण गर्मी में बिजली के ओवर लोड से ट्रांसफार्मर में लगी आग, दुर्घटना होते-होते बची

## बिजली खंभों में मकड़जाल की तरह फ़ैले है वायर, आग लगने का रहता है खतरा

राजनांदगांव (दावा)। अभी पड़ रही भीषण गर्मी के कहर से अब आदमी के साथ-साथ विद्युत ट्रांसफार्मर के भी छक्के छूटने लगे हैं। शहर के भारतमाता चौक के जैन ज्वैलर्स समीप स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर ने दोपहर के समय भीषण गर्मी के चलते अपना आपा खो दिया और चिंगारी फेंकने लगा। इससे डर कर लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भीषण गर्मी व बिजली के पावर की ओवर लोड होने की वजह से रावण दहन की तरह खंबे से चिनगारियों की फुलझड़ियां छुटने लगी और आग लग गई। इससे खंबे की पूरी वायरिंग जल कर खाक हो गई।

इस घटना से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी इसके चपेट में आ गए। गनीमत है कि आसपास की दुकानें व रहवासी घरों सहित लोगों की गाड़ियां व आसपास में खेलने वाले बच्चे इसकी चपेट में नहीं आए वरना एक बड़ी जन-धन की हानि हो सकती थीं।



### मकड़जाल की तरह फैले हैं तार

बता दें कि रविवार को लगभग ढाई बजे के करीब हुई उक्त घटना के संबंध में चौक समीप स्थित इंदु मेडिकल के गुंजन गुप्ता ने बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी। इधर भीषण गर्मी के चलते ओवर लोड होने की वजह से खंबे में लगी आग की सूचना वार्ड पार्षद जैनम बैद को मिलते ही उन्होंने बिजली विभाग को बताया कि नई वायरिंग करते समय तारों का गुच्छा वहीं छोड़ दिया जाता है। इससे बहुत से तार वहां लटके पड़े रहते हैं। इस संबंध में वे पहले भी शासन-प्रशासन को अवगत करा चुके है। चूंकि बिजली खंभो में बिजली तार के अलावा टेलीफोन के तार भी जुड़े रहते हैं। सीसीटीवी कैमरे व चैनल वालों के वायर भी मकड़जाल की तरह फैले रहते हैं। इससे तारों के एक दूसरे में संपर्क होने से कभी भी घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है। रविवार को दोपहर बिजली खंभे में लगी आग पर दमकल विभाग की मदद से काबू पाया गया। मेडिकल व्यवसायी गुंजन गुप्ता ने बताया कि उक्त आगजनी की घटना को हुए पांच घंटे नहीं हुआ और खंभों में लगाने के लिए जीयो वाले फायबर वायर के बंडल लगाने के लिए आ गए जिसका विरोध किया गया।आसपास के लोगों का कहना है कि बिजली खंभो में चैनल वालों के वायर, टेलीफोन के तार व बैनर पोस्टर लगा दिए जाते हैं। इससे खंभों में मकड़जाल बना रहता है। इन मकडजालों को तुरंत हटाया जाकर वायरिंग संबंधी व्यवस्था तुरंत दुरुस्त की जानी चाहिए ताकि भविष्य में बिजली खंभो में शार्ट सर्किट व अन्य कारणों से आग लगने की घटनाओं को रोकी् जा सके।

# आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत देऊर शिव मंदिर गंडई में होगा विशेष आयोजन

## जिले के शिवालयों में होंगे भक्तिपूर्ण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष' के अंतर्गत सोमवार 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।



इसी क्रम में सोमवार 11 मई 2026 को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व वाले प्राचीन देऊर शिव मंदिर, गंडई में सुबह नौ बजे से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें सोमनाथ में होने वाले ुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर जिले के विभिन्न शिवालयों में भक्तिपूर्ण, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान शिव के प्रति आस्था, भारतीय सांस्कृतिक विरासत एवं आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष' के अंतर्गत ग्राम पंचायत, विकासखंड, तहसील, जिला एवं राज्य स्तर तक सभी शिवालयों में विविध आयोजन किए जाएंगे। इसके साथ ही महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु 'सोमनाथ संवाद', सेमीनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परिसर आधारित प्रचार गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु गण्डई सीएमओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# वृद्धाश्रम की माताओं के साथ मनाया मातृ दिवस, तिलक लगाकर कराया मुंह मीठा

### उप संचालक वैशाली मरडवार ने बुजुर्गों के बीच बिताया समय, भजन-कीर्तन से हुआ मनोरंजन

राजनांदगांव (दावा)। समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव की जिला अधिकारी एवं उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार ने आज मातृ दिवस (मदर्स डे) के अवसर पर स्थानीय भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ समय बिताया। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों का तिलक लगाकर अभिवादन किया और उनका मुंह मीठा कराया। विभाग द्वारा आयोजित इस आत्मीय कार्यक्रम में बुजुर्गों के लिए कर्णप्रिय भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसका उन्होंने भरपूर आनंद लिया।

### बुजुर्ग की आपबीती सुन भावुक हुईं अधिकारी

कार्यक्रम के दौरान एक बुजुर्ग ने अपनी पारिवारिक समस्याओं और जीवन की आपबीती साझा की, जिससे वे काफी असहज महसूस कर रहे थे। उप संचालक श्रीमती मरडवार ने उन्हें ढांढस बंधाया और आश्वासन दिया कि वे उनके परिवार से संपर्क कर सकारात्मक पहल करेंगी।



### आप सभी में अपने माता-पिता का दर्शन कर रही हूं

वृद्धजनों को संबोधित करते हुए श्रीमती मरडवार भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा, 'मेरे माता-पिता यहां से सैकड़ों किलोमीटर दूर रहते हैं। आज आप सभी के बीच आकर मुझे अपने माता-पिता के दर्शन हो रहे हैं। मैं ईश्वर से आप सभी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की प्रार्थना करती हूं। इस अवसर पर भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम के संस्थापक एवं संरक्षक गौतम पारख, प्रबंधक कमलेश कोसले और कुंभलाल यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि उपसंचालक को अपने बीच पाकर वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्ग भावविभोर हो गए और उन्होंने अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# देश भर की जनता को फ़िर मिली महंगाई की सौगात - सैय्यद अफज़ल

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सैय्यद अफज़ल अली ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार ने एक बार फिर आम जनता की जेब पर सीधा प्रहार किया है।

सरकार जनता की जेब काट रही है और महंगाई का बोझ सीधे आम परिवारों की रसोई पर डाल रही है। भाजपा सरकार मंहगाई पर लगाम लगाने से नाकाम हो चुकी है। चुनाव के समय रसोई गैस सस्ती करने के वादे और जुमले सुनाए जाते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही जनता से वसूली शुरू हो जाती है। केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाकर और कमर्शियल सिलेंडर पर 115 रुपये की वृद्धि कर मध्यम वर्ग तथा आम आदमी पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। पिछले कुछ महीनों में कमर्शियल सिलेंडर के दाम में वृद्धि करना इस बात का प्रमाण है कि महंगाई पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। पहले ही बढ़ती कीमतों, स्कूल फीस, बिजली-पानी के बिल और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की महंगाई से जूझ रहा परिवार अब रसोई गैस के इस नए झटके से और अधिक परेशान होगा। स्पष्ट है कि भाजपा सरकार की नीतियाँ आम नागरिक की रसोई और रोज़गार दोनों पर भारी पड़ रही हैं। सरकार को बताना चाहिए कि आखिर कब तक मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों को इस तरह महंगाई का बोझ ढोना पड़ेगा?



देश की जनता की रसोई पर महंगाई का हमला

पेट्रोल-डीजल और एलपीजी सिलेंडर के दामों में मनमानी बढ़ोत्तरी हुई है

कौन कहता है कि मोदी सरकार विकास नहीं कर रही... ये विकास कर रही है वो भी महंगाई में विकास बेरोज़गारी में विकास भ्रष्टाचार में विकास, घोटालों में विकास और देश भर में बढ़ते अपराध जातिवाद में विकास। भाजपा सरकार राहत देने नहीं, बल्कि आम लोगों की मेहनत की कमाई लूटने का काम कर रही है। अब जनता सब देख रही है।

# बालिका छात्रावास में लगे खिड़की के सिल्वर धातु के स्लाइडर फ्रेम चोरी

## पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र के नवनिर्माणाधीन आइटीआई बालिका छात्रावास में लगे खिड़की के सिल्वर धातु के स्लाइड्र फ्रेम की चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को धर दबोचा है वहीं उक्त चोरी कार्य में शामिल अन्य आरोपियों की पता-तलाश भी शुरू कर दी है।



लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि चोरी किए गए सामनों से कुछ सामान आरोपी से बरामद की है, जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है। वहीं आरोपी को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में प्रार्थी राकेश कुमार कंवर निवासी ग्राम जंतर थाना डोंगरगढ़ द्वारा 9 मई को थाना लालबाग में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पेंड्री में गार्ड के पद पर कार्यरत है।

छात्रावास की स्लाइडर खिड़कियां की हुई चोरी

उन्होंने बताया कि नवनिर्माण छात्रावास भवन में लगी लगभग 60 स्लाइडर खिड़कियों में से कई खिड़कियां अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थीं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रुपये थी। लालबाग पुलिस ने बताया कि शनिवार 9 मई की रात्रि लगभग 10 बजे छात्रावास परिसर में निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को खिड़की चोरी करते देखा गया, जिनमें से एक आरोपी को मौके पर पकड़ लिया गया जबकि दूसरा फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम दिनेश उर्फ होम बहादुर यादव, उम्र लगभग 18 वर्ष, निवासी राजीव नगर वार्ड नं. 33 बसंतपुर बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बोरी में रखे एल्यूमिनियम सेक्शन एवं खिड़की के कांच बरामद किए गए, बरामद सामानों की कीमती लगभग 20 हजार रूपये है।

### साथी के साथ मिलकर की गई थी चोरी

पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर गत 2 मई को भी आईटीआई बालिका छात्रावास परिसर पेंड्री से स्लाइडर खिड़कियां चोरी करना स्वीकार किया। चोरी किए गए एल्यूमिनियम सामान को बेचकर प्राप्त रकम आपस में बांटकर खर्च करना बताया गया। प्रकरण में थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 194/2026 धारा 305(ई), 3(5), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# गाली-गलौच कर लोगों को परेशान करने वाला युवक गिरफ्तार

खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान थाना क्षेत्र में लोगों से गाली गलौच कर माहौल खराब करने तथा लगातार विवाद उत्पन्न करने वाले एक युवक के खिलाफ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।



आरोपी के खिलाफ क्षेत्र से लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसके बाद पुलिस ने सख्त कदम उठाया। जानकारी अनुसार ग्राम तेन्दूभाठा निवासी गिरवर जंघेल उम्र 33 वर्ष लंबे समय से क्षेत्र के लोगों को परेशान कर रहा था। आरोपी की हरकतों से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही थी और कई शिकायतें थाना छुईखदान में दर्ज कराई गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में केसीजी पुलिस टीम ने आरोपी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 170/126 एवं 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत मामला दर्ज की है। कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर उपजेल सलोनी भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिले में गुंडागर्दी, असामाजिक गतिविधियों और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में जल्द बड़ा फेरबदल... 33 जिलों के एसपी-आईजी की बदल सकती है जिम्मेदारी

रायपुर। राज्य में प्रशासनिक स्तर पर पांच महीने पहले हुए बड़े फेरबदल के बाद अब पुलिस विभाग में भी व्यापक बदलाव की तैयारी तेज हो गई है। राज्य सरकार जल्द ही पुलिस महकमे में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी कर सकती है।



प्रस्तावित फेरबदल में जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से लेकर रेंज स्तर के ढ्वत, डीआईजी और पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एडीजी स्तर के अधिकारियों तक की जिम्मेदारियों में बदलाव संभव माना जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार कुछ वरिष्ठ अधिकारी वर्तमान में बिना प्रभार के कार्यरत हैं। ऐसे में नई सूची के जरिए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं।

### 33 जिलों पर रहेगा मुख्य फोकस

जानकारी के मुताबिक यह फेरबदल राजधानी रायपुर में लागू की गई पुलिस कमिश्नरी प्रणाली से अलग होगा। रायपुर कमिश्नरी में अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले पहले ही किए जा चुके हैं, इसलिए इस बार मुख्य ध्यान राज्य के अन्य 33 जिलों पर रहेगा। मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं, सशस्त्र बलों और जिला पुलिस इकाइयों में नए अधिकारियों को जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना है। शासन की कोशिश पुलिसिंग व्यवस्था को अधिक प्रभावी और चुस्त-दुरुस्त बनाने की बताई जा रही है।

### जनवरी में हुआ था पहला बड़ा बदलाव

इस वर्ष जनवरी में पुलिस विभाग में बड़ा बदलाव देखने को मिला था। उस समय संजीव शुक्ला को रायपुर का पहला पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया था। इसी दौरान 15 आईपीएस अधिकारियों के तबादले भी किए गए थे। अब पांच महीने बाद फिर से पुलिस महकमे में नई पदस्थापना सूची जारी होने के संकेत मिल रहे हैं। इसे राज्य सरकार की कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

### एसपी स्तर पर व्यापक बदलाव की संभावना

पुलिस मुख्यालय में चल रही चर्चाओं के अनुसार कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले जा सकते हैं। खासकर उन जिलों में अधिक बदलाव संभावित हैं, जहां हाल के समय में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियां बढ़ी हैं। दुर्ग और राजनांदगांव जैसे महत्वपूर्ण रेंज में भी बदलाव की संभावना जताई जा रही है। हालांकि हालिया नियुक्तियों को देखते हुए आईजी स्तर पर बदलाव सीमित रहने के संकेत हैं। सूत्रों का कहना है कि शहरों में लंबे समय से पदस्थ डीएसपी और सीएसपी स्तर के अधिकारियों की नई सूची भी तैयार की जा रही है।







# पद्मश्री फूल भाषण यादव की सुरक्षा को लेकर यादव समाज चिंतित

## पद्मश्री श्रीमती यादव की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री के नाम दिया गया ज्ञापन

डोंगरगढ़(दावा)। पद्मश्री पुरुस्कृत व छत्तीसगढ़ में निवासरत लगभग 40 लाख यादवों का गौरव, मातृशक्ति श्रीमती फूलबासन यादव को सहस्त्र महिला सुरक्षाकर्मी व शासकीय वाहन प्रदान करने से संबंधित ज्ञापन स्थानीय यादव समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम एसडीम एम. भार्गव (आईएएस) को दिया गया।



ज्ञापन में कहा गया कि,जय माँ बम्लेश्वरी महिला समुह के माध्यम से पूरे भारत देश में अपनी पहचान बनाने वाली व श्री कृष्णा भगवान मंदीर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट की संरक्षिका का विगत दिनों 04 मई को उनके निज निवास सुकुलदैहान से फोटो खिंचवाने के नाम से गुमराह करते हुये जबरदस्ती वाहन पर बैठा कर अपहरण कर लिया था। छत्तीसगढ़ पुलिस प्रशासन के मुस्तैनी चेकिंग में अपहरणकर्ताओं को रंगेहाथ पकड़ा गया। जिन पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही करते हुये हमारे समाज के गौरव श्रीमती फूलबासन यादव को सहस्त्र महिला सुरक्षाकर्मी व शासकीय वाहन प्रदान करने की कृपा करें।

# पीएमजीएसवाय में छत्तीसगढ़ का जलवा : उत्कृष्ट सड़क निर्माण के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

## देश में बनाया रिकॉर्ड

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ ने ग्रामीण सड़क निर्माण और गुणवत्ता के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में आयोजित कार्यक्रम में 10 मई 2026 को प्रदान किया गया।

### इन्होंने प्राप्त किया यह सम्मान

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान के हाथों छत्तीसगढ़ को दिया गया। प्रदेश की ओर से पीएमजीएसवाय के सीईओ भीम सिंह और चीफ इंजीनियर कटारे ने यह सम्मान प्राप्त किया। राष्ट्रीय पुरस्कार 1760 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा



छत्तीसगढ़ ने न केवल नई ग्रामीण सड़कों के निर्माण में उल्लेखनीय काम किया है, बल्कि सड़कों की गुणवत्ता और रखरखाव को भी प्राथमिकता दी है। प्रदेश में 'जनमन सड़कों' का कुल 38 प्रतिशत हिस्सा है, जिसकी कुल लंबाई करीब 2900 किलोमीटर है। इनमें से 1760 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया गया है, जो पूरे देश में सबसे अधिक बताया जा रहा है।

### राष्ट्रीय पुरस्कार विकास और सुरक्षा दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उपलब्धि

इसके अलावा पीएमजीएसवाय-1 के तहत 98 प्रतिशत, जबकि पीएमजीएसवाय-2 और पीएमजीएसवाय-3 के तहत 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। खास बात यह है कि, पिछले एक वर्ष में नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में भी योजना के तहत 52 सड़कों का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो विकास और सुरक्षा दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

**आवश्यकता है**

दैनिक दावा में रात्रिकालीन हेल्पर एवं मार्केटिंग कार्य हेतु अनुभवी युवक/युवतियों की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक!
संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।

संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

# मस्ती की पाठशाला के लिए अल सुबह से बच्चों व युवाओं ने उत्साह

## महापौर ने मदर डे की बधाई देकर गिला-सूखा कचरा अलग-अलग देने महिलाओं से की अपील





राजनांदगांव (दावा)। मस्ती की पाठशाला में अल सुबह से ही उत्साह का महौल देखने को मिला, जहाँ बच्चे व युवा बडी संख्या में पहुँचकर विभिन्न पारंपरिक खेलो, के साथ साथ जुम्बा डांस का मजा लिये।

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने उपस्थित महिलाओ को मदर डे की बधाई देते हुए कहा कि घर ही पहली पाठशाला होती है, जहॉ मॉ अपने बच्चो को कायदे कानून एवं संस्कार की शिक्षा देती है। उन्होने आज के इस शुभ अवसर पर महिलाओ से अपील करते हुए कहा कि घर में ही कचरा पृथक कर गिला व सुखा कचरा अलग अलग डिब्बा में रख स्वच्छता दीदीयो को देवे, नगर निगम द्वारा घर घर डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। डस्टबिन का उपयोग करे एवं अपने घर के आस पास स्वच्छता बनाए रखे। महापौर श्री यादव ने कहा कि मस्ती की पाठशाला में उत्साह से बच्चे एवं युवा सुबह से ही पहुँचे है, और आनंद ले रहे है। उन्होंने कहा कि रोज मॉ अपने बच्चो को सुबह उठाती है, लेकिन आज का महौल देख के ऐसा लग रहा है कि बच्चे सुबह से ही अपने माता पिता को उठाकर पाठशाला में लेकर आए है। आज पाठशाला में सबसे मिलने से पाठशाला के संबंध में लोगो ने अपनी राय एव सलाह दी है, जिसपर अमलकर अगले सप्ताह व्यवस्था दुरूस्त करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है और भी लोग पाठशाला से जुड रहे है, जिससे अगामी सप्ताह में और अच्छा पाठशाला आयोजित होगी।

पाठशाला का शुभारंभ योगा से हुआ जिसमें पतंजली भारत स्वाभिमान न्यास राजनांदगांव के योगा के बच्चो ने योग का प्रदर्शन कर योग के लिए प्रेरित किया। चौपाटी के अंदर एवं बाहर विभिन्न खेल संचालित किया गया, जिसमें बच्चो एवं युवाओ ने तीरंदाजी, बेडमिंटन, कराटे व साप-सी?ी, पिट्ठुल खेल खेले, वही नन्हे मुन्ने बच्चो ने छोटे छोटे खेलो में हिस्सा लेकर झुला, फिसल पट्टी आदि का आनंद लिए। साथ ही बडी संख्या में बच्चो ने चित्रकारी में भाग लेकर कला का प्रदर्शन किए। महापौर ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं पार्षदों के साथ सभी बच्चो से मिल उनका उत्साह वर्धन किया। इसके अलावा सभी लोगो ने बडी संख्या में उपस्थित होकर पाठशाला में पूरे समय चौपाटी के सामने बाडी टेक जीम व रीदम रिवाल्युसन ग्रुप के बच्चो के साथ संगीतमय जुम्बा डॉस किये। आज की पाठशाला में बाईक कम्पनी इंडियन टी.वी.एस. द्वारा विभिन्न खेलो में विजयी बच्चों को पुरूस्कार दिया गया, वही उन्होंने संगीत में समा बाधा जहाँ महापौर श्री यादव एवं पार्षद श्री मनोहर यादव ने भी गीत की प्रस्तुति दी।

आज की पाठशाला को सफल बनाने में पतंजली योग समिति, बाडी टेक जीम,रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, इंडियन टी.वी.एस कम्पनी, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, राजनांदगांव रनर ग्रुप, के अलावा खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी आदि संघो की विशेष भूमिका रही। पाठशाला में निगम के अधिकारी, कर्मचारी व्यवस्था में लगे रहे तथा पार्षदो सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो ने परिवार सहित बड़ी संख्या में उत्साह से भाग लिये।

# शिवनाथ नदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई



मोहला (दावा)। जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभागीय उड़नदस्ता दल द्वारा नियमित निरीक्षण कर प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं।

हाल ही में दाऊटोला एवं बरारमुंडी क्षेत्र में संयुक्त जांच के दौरान अवैध रेत परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जप्त कर ग्राम पंचायत आटरा के सुपुर्द किया गया। साथ ही लगभग 40 ट्रिप अवैध रूप से उत्खनित रेत को शिवनाथ नदी में पुनः प्रवाहित किया गया तथा करीब 30 ट्रिप रेत जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

विभागीय जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 36 प्रकरणों में 6 लाख 68 हजार 850 रुपए तथा वर्ष 2026-27 में 6 प्रकरणों में 1 लाख 61 हजार 250 रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। जिला प्रशासन ने अवैध रेत उत्खनन पर शून्य सहनशीलता की नीति के तहत कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# धर्मापुर की बुजुर्ग महिला चंदा बाई यादव ने लगाया जमीन हड़पने का आरोप, पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

## 1.05 लाख रुपये के कर्ज के बदले फर्जी रजिस्ट्री कराने का आरोप ब्याज सहित 1.60 लाख लौटाने के बाद भी जमीन और मकान पर कब्जे की साजिश ?

राजनांदगांव (दावा)। चंदा यादव ने अपनी पैतृक जमीन को बचाने के लिए पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम धर्मापुर तहसील एवं जिला राजनांदगांव निवासी लगभग 60 वर्षीय चंदा यादव ने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन खसरा क्रमांक 223/10 को धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों के जरिए हड़पने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपा है।

आवेदिका चंदा यादव ने बताया कि 29 जुलाई 2024 को घरेलू आवश्यकता के चलते उन्होंने 1 लाख 5 हजार रुपये कर्ज के रूप में लिया था। यह राशि शंकरपूर निवासी अविनाश महार द्वारा दी गई थी। आरोप है कि कर्ज देने के दौरान उनसे एक इकरारनामा पर हस्ताक्षर करवाया गया लेकिन दस्तावेज में क्या लिखा है इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई। कम पढ़ी-लिखी और वृद्ध महिला होने के कारण वे दस्तावेज की भाषा और शर्तों को समझ नहीं सकीं। चंदा यादव का कहना है कि उन्होंने ब्याज सहित कुल 1 लाख 60 हजार रुपये वापस भी कर दिए हैं, इसके बावजूद उनकी जमीन खसरा क्रमांक 223/10 की फर्जी रजिस्ट्री कर जमीन हड़पने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इकरारनामा की प्रति उन्हें कभी उपलब्ध नहीं कराई गई।



मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने आवेदिका को आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा पीड़िता को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस मामले की शिकायत डॉ. रमन सिंह, यादव समाज के अध्यक्ष महेश यादव और गौ सेवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मन्नालाल यादव एवं महापौर मधुसूदन यादव को की है ताकि पीड़िता को जल्द न्याय मिल सके। ग्राम धर्मापुर के लोगों का कहना है कि यदि एक बुजुर्ग महिला के साथ इस तरह की धोखाधड़ी हो सकती है तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी गरीब और असहाय व्यक्ति के साथ ऐसा अन्याय न हो।

# चिखली में ठगी का नया पैंतरा : रेलवे कर्मी बन 'ओम ज्वेलर्स' को लगाया 1.80 लाख का चूना

राजनांदगांव(दावा)। शहर के चिखली इलाके में ठगी का एक बेहद शातिर मामला सामने आया है। यहाँ ओम ज्वेलर्स के संचालक को अपना शिकार बनाते हुए एक जालसाज ने फर्जी चेक के जरिए लाखों रुपये के जेवर ठग लिए। खुद को रेलवे कर्मचारी बताने वाला यह आरोपी अब फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

### खुद को बताया रेलवे कर्मचारी, फिर बिछाया जाल

जानकारी के अनुसार, मृदुल कुमार नामक एक व्यक्ति चिखली स्थित ओम ज्वेलर्स पहुँचा। उसने दुकानदार को विश्वास में लेने के लिए दावा किया कि वह रेलवे में नौकरी करता है और अपना पता भी सरकारी रेलवे क्वार्टर का बताया। इस पहचान के भरोसे उसने दुकान से करीब 1,80,000 रुपये के सोने-चांदी के जेवर खरीदे।



### फर्जी चेक थमाकर हुआ रफू-चक्कर

भुगतान के समय शातिर ठग ने नकद राशि देने के बजाय दुकानदार को चेक थमा दिया। दुकानदार ने जब बाद में चेक की जांच की तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई-चेक फर्जी निकला। ठगी का अहसास होने पर जब आरोपी से संपर्क किया गया, तो उसने पहले तो पैसे देने के नाम पर टाल-मटोल की और फिर अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया।

### सीसीटीव्ही में कैद हुई करतूत, व्हाट्सएप पर दे रहा झांसा

दुकानदार ने बताया कि आरोपी वर्तमान में लापता है, लेकिन वह अभी भी व्हाट्सएप चैटिंग के माध्यम से संपर्क कर रहा है और गोल-मोल जवाब देकर वक्त काट रहा है। हालांकि, आरोपी की यह पूरी करतूत दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें उसका चेहरा साफ नजर आ रहा है।

### व्यापारियों में हड़कंप

चिखली के ओम ज्वेलर्स में हुई इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में चिंता का माहौल है। पीड़ित दुकानदार अब इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराने की प्रक्रिया में है। व्यापारियों से अपील की जा रही है कि किसी भी अनजान व्यक्ति, चाहे वह खुद को सरकारी कर्मचारी ही क्यों न बताए, उससे चेक लेते समय पूरी सावधानी बरतें।

# मृतक यासिन के परिजनों को रिसार्ट संचालक देगा दो लाख रुपए मुआवजा, तत्काल दिए गए एक लाख रुपए

### घटना से आक्रोशित लोगों के सड़क पर उतरने पर हुआ यातायात प्रभावित, बीच बचाव करने प्रशासन आया सामने



राजनांदगांव (दावा)। मनगटा स्थित बस हाउस रिस्टार्ट में रामनगर निवासी एक मासूम किशोर यासिन की करंट लगने से हुई मौत को लेकर लोगों ने आक्रोश व्यक्त करने सड़क पर उतर आए थे। इसमें मृतक मासूम के परिजन भी शामिल रहे। इस संदर्भ में सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि घटना के आक्रोश में लोग रिसोर्ट संचालक पर कार्रवाई करने सोमनी हाईवे सड़क पर उतरे हुए थे और मुआवजे की मांग कर रहे थे।इससे सड़क पर कुछ देर के लिए लोगों की भीड़ अवश्य रही लेकिन चक्का जाम की नौबत नहीं आई। हालांकि शहर से भी पुलिस बल का मौके पर आगमन होने से रिसोर्ट पक्ष और प्रशासन के लोगों के समझाने बुझाने के बाद लोगों का आक्रोश शांत हुआ। उन्होंने बताया कि संचालक द्वारा मृतक यासिन के परिजनों को दो लाख रुपए दिए जाने की बात पर सहमति बनी। जिसमें से एक लाख रुपए परिजनों को तत्काल दिए गए वहीं एक लाख रुपए सोमवार को दिए जाने की बात कही गई है।

### किराए पर चल यहां बस हाउस रिसोर्ट

थाना प्रभारी श्री नामदेव ने बताया कि उक्त रिसार्ट दुर्ग निवासी रामशरण देवांगन की है जो किराए पर चल रहा था। जिसे किराए पर लेकर स्टेशन मुढ़ीपार निवासी सन्नी ठाकुर द्वारा संचालित किया जा रहा था। वहीं उक्त रिसार्ट के संचालन में प्रमोद चौधरी व राघवेन्द्र सिंह का नाम सामने आया है। लेकिन हादसा होने के बाद सन्नी ठाकुर को सामने लाया गया है। जिसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच में लिया गया है। रिसोर्ट में घटित हुई उक्त घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने रिसार्ट संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सोमनी हाईवे पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने लगे थे इससे कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा। रिसोर्ट संचालक द्वारा दो लाख रुपए मुआवजा के रुप में देने की बात पर मामला फिलहाल शांत हो गया है। संचालक द्वारा मृतक के परिजनों को एक लाख रुपए तत्काल दे दिए गए हैं।शेष रकम आज सोमवार को दी जाएगी।

## विवाह आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए विधायक भोलाराम साहू



छुरिया (दावा)। ग्राम तेन्दुटोला निवासी संन्तराम साहू के सुपुत्र किशोर कुमार एवं इशिका के विवाह आशीर्वाद समारोह में 9 मई 2026 को खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने नवदंपत्ति को सुखमय, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि विवाह भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं का महत्वपूर्ण संस्कार है, जो दो परिवारों को आपसी प्रेम, विश्वास और सामाजिक रिश्तों के मजबूत बंधन में जोड़ता है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा के अध्यक्ष प्रताप धावड़े, जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी राजू सिन्हा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता, परिवारजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डोंगरगढ़-खैरागढ़ मुख्य मार्ग में हो रहे लगातार हादसे से दहशत में क्षेत्रवासी



## बायपास रोड निर्माण से राहत मिलेगी क्षेत्रवासियों को

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़-खैरागढ़ मुख्य मार्ग में लगातार हो रहे सड़क हादसे से क्षेत्रवासी दहशत में आ गए हैं। इस मार्ग पर स्थित ग्राम अछोली और कलकसा के मध्य शुक्रवार को हुए सड़क हादसे के बाद एक और जबरदस्त सड़क हादसे में एक और ट्रक चालक दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घायल चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछोली (डोंगरगढ़) में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारों है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि भारी वाहन चालक दूरी बचाने के चक्कर में इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। भारी वाहनों का दबाव बढ़ाने के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं देखने सुनने को मिल रही है। आदिवासियों ने बायपास रोड का निर्माण शीघ्रता शीघ्र करने की मांग की है। अधिकतर वाहन चालक दूरी बचाने के चक्कर में कवर्धा से डोंगरगढ़ होते हुए महाराष्ट्र की ओर इसी मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। जिससे सड़क पर दिन-रात भारी वाहनों का दबाव बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार ट्रकों ने इस सड़क को मौत का रास्ता बना दिया है।

### इस मार्ग में दर्जनों स्कूल संचालित है

इसी मार्ग पर एक दर्जन से अधिक स्कूल संचालित हैं जहां रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राओं का आना-जाना होता है. लगातार हो रहे हादसों से अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि भारो वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत करने स्पीड कंट्रोल और ओवरलोडिंग पर तख्त कार्रवाई की जाए।

# यूपीएससी 2025 में 32वीं रैंक के साथ आईएफएस बनीं सुष्मिता सिंह

## राजगामी संपदा उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी बोले- यह पूरे छत्तीसगढ़ के गौरव का क्षण है

राजनांदगांव (दावा)।छत्तीसगढ़ शासन राजगामी संपदा के उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने राजनांदगांव की बेटी सुष्मिता सिंह को संघ लोक सेवा आयोग 2025 में 32वीं रैंक हासिल कर भारतीय वन सेवा में चयनित होने पर प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



मनोज निर्वाणी ने अपने संदेश में कहा, सुष्मिता सिंह की यह ऐतिहासिक उपलब्धि राजनांदगांव का नाम देश के मानचित्र पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित कर गई है। यह सफलता केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि हर उस बेटी की जीत है जो बड़े सपने देखती है। इन्होंने साबित कर दिया कि छत्तीसगढ़ की बेटियां किसी से कम नहीं हैं।

उन्होंने कहा, आज पूरा राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ गर्व से सिर ऊंचा करके खड़ा है। सुष्मिता जी का परिश्रम, अनुशासन और जज्बा आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनेगा। हजारों युवाओं को अब सिविल सेवा का रास्ता आसान लगेगा।

मनोज निर्वाणी ने सुष्मिता सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा, मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप भारतीय वन सेवा में रहकर छत्तीसगढ़ के जंगलों, वन्यजीवों और पर्यावरण की रक्षा में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगी। ईश्वर आपको शक्ति दे कि आप देश सेवा में नित नए आयाम गढ़ें।

# शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर उमड़ा उत्साह, राजपूत महासभा ने दी भावांजलि

राजनांदगांव (दावा)। मेवाड़ के वीर शिरोमणि और अदम्य साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। 9 मई को रामकृष्ण नगर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर वीर सपूत की प्रतिमा पर ऊपर चढ़कर रणविजय सिंह एवं गोल्डी भदोरिया द्वारा माल्यार्पण किया गया और उनके आदर्शों को याद किया।

### विविध कार्यक्रमों का आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। खराब मौसम और भीषण गर्मी के बावजूद समाज के युवाओं और बुजुर्गों में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण, समाजजनों ने पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की और उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।





### राजपूत क्षत्रिय महासभा छ.ग. रहटादह पं क्र. 1282

उप समिति राजनांदगांव द्वारा मनाया गया महाराणा प्रताप जयंती चिखली दीनदयाल नगर समाजिक भवन में महाराणा प्रताप जी के तैल चित्रों में पूजा अर्चना कर महाराणा प्रताप जी के की जीवनी उनके देश प्रेम इतिहासों को याद किया गया जिसमें सामाजिकगण पदाधिकारी उपस्थित थे।

जनसेवा : भीषण गर्मी को देखते हुए महासभा द्वारा राहगीरों और आगंतुकों के लिए कोल्ड्रिंक्स एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई थी।

वरिष्ठजनों ने दी सीख

कार्यक्रम का मार्गदर्शन संरक्षक डॉ. आर.पी.एस. भदौरिया ने किया। जिला अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह, महासचिव जयनारायण सिंह एवं कोषाध्यक्ष रामनारायण सिंह और संजय बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से समाज को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य और स्वाभिमान की गाथाएं आज भी प्रासंगिक हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान के संस्कारों से जोड़ना है।

आयोजन में समाज के सभी प्रमुख स्तंभों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। इसमें मुख्य रूप से ओ.पी. सिंह, रणविजय प्रताप सिंह, संजय परिहार, दीपेश सिंह, संजय बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह, राकेश सिंह, संतोष सिंह, विजय राजपूत, मोहन राजपूत, मुन्ना सिंह राजपूत, सुनील सिंह, कपिल सिंह, गोल्डी भदौरिया एवं अखिलेश रघुवंशी उपस्थित थे।

### एकता और सेवा का संकल्प

छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के पदाधिकारियों ने साझा किया कि इस वर्ष का आयोजन सादगीपूर्ण तरीके से समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए मनाया गया। समाज के सदस्यों ने महाराणा प्रताप की शिक्षाओं पर चलते हुए एकजुट रहने और राष्ट्र सेवा करने का संकल्प लिया।

## अनमोल दावा

> "इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं"

## सम्पादकीय

### थलापति विजय : राजनीति में एक और सितारा तमिलनाडु में गैर द्रविड़ सरकार

तमिलनाडु में सर्वाधिक 108 सीटें जीतने वाली टी.वी.के. याने तमिल विक्ट्री पार्टी और उनका नेता फिल्म अभिनेता थलापति विजय बहुत जद्दोजहद के बाद जादुई आंकड़ा 118 को पार कर अन्य जरूरी समर्थकों के सहयोग से 120 सीटें हासिल की और सरकार बनाने में सफल हुए। थलापति विजय को राजनीति का कोई अनुभव नहीं है। इसका एक नमूना चेन्नई के शपथ ग्रहण समारोह में ही देखने को मिला। राज्यपाल ने उन्हे शपथ ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया तभी विजय ने आते ही कन्नड भाषा में भाषण देने लगे थे। जिसे तत्काल राज्यपाल ने रोका और निर्देश दिया कि पहले शपथ ले लीजिए। भाषण बाद में देते रहना। एक मिनट के व्यवधान के बाद फिर थलापति विजय ने भाषण रोका और शपथ लेने की अनिवार्य प्रक्रिया सम्पन्न की।

उल्लेखनीय कि, तमिलनाडु की राजनीति और फिल्म जगत का पहले से ही नजदीकी रिश्ता रहा है। साऊथ के लोग फिल्मी कलाकारों को भगवान के समान पूजते हैं। वहां कई कलाकारों के मंदिर बने हैं। बाकायदा वहां प्रतिदिन पूजा होती है। इस समय, तमिलनाडु के विधानसभा के चुनाव में थलापति विजय ने राजनीति में ऐसी उड़ान भरी कि तमिलनाडु में वर्षों से स्थापित डीएमके एवं एडीएमके के स्थापित क्षत्रपों को पीछे छोड़कर ''गोल'' कर दिया। विजय की राजनैतिक यात्रा रोमांचक रही है। अभी दो साल पहले फरवरी 2024 को उन्होंने अपनी पार्टी ''टीवीके'' याने कि तमिलनाडु विक्ट्री कणगम नाम की पार्टी बनाई थी। जिसका एक अर्थ ''तमिलनाडु विजय पार्टी'' भी होता हे। राजनीति में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता हे कि पूरे देश या पूरे राज्य में कार्यकर्ताओं का नेटवर्क होना चाहिए। अन्य स्थापित राजनैतिक दलों का मानना था कि, विजय को तमिलनाडु में सभी बैठकों के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिलेंगे। लेकिन, थलापति विजय ने तमिलनाडु की 234 बैठकों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने का सार्थक एवं सफल प्रयास किया। विजय ने गठबंधन के लिए भी सभी दलों को प्रस्ताव भेजा था। फिर बाद में उसने अकेले ही अपने दमखम पर चुनाव लड़ने का तय किया। अपनी पार्टी की ध्वजा और चिन्ह लांच किया था। 8 सितम्बर 2024 को चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी का नियमानुसार विधिवत पंजीयन किया।

थलापति विजय ने अपनी सफलता के पीछे एक महत्व का कारण यह था कि चुनाव प्रचार में टेक्नालाजी का बहुत अच्छा उपयोग हुआ था। विजय को भलिभांति इसकी जानकारी थी कि वह पूरे राज्य में चुनाव प्रचार करने पहुंच ही नहीं सकता। इसलिए उसने होलोग्राम का उपयोग किया था। इसमें लोगों को अपनी ही 'लाइव' दिखाई देने लगी थी। चुनाव प्रचार में पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ह्युमनाईड रोबोट भी घुमते दिखाई दिए थे। आर्टिफिजिकल इन्टेलिजन्स के साथ थ्री डी डिजिटल प्रोजेक्शन का भी उन्होंने बखूबी उपयोग किया था। तमिलनाडु में विभिन्न अलग-अलग क्षेत्र हैं। विजय ने अपने डिजिटल इलेक्शन केम्पेन पर इस प्रकार ध्यान दिया था कि सभी को इसमें अपना 'टच' लगा। स्थानीय होनें का अनुभव हुआ। पी.विजय जोसेफ उर्फ थलापति विजय ने टेक्नालाजी का जो उचित प्रयोग किया, वैसा उपयोग टी.वी.के. की तुलना में अन्य राजनैतिक दलों ने नहीं किया था।

थलापति विजय ने अपनी फिल्मी दुनिया को छोड़ दिया है। एक युवा नेता 51 वर्षीय विजय ने सी.एन.अन्नादुराई जो प्रसिद्ध फिल्म लेखक थे, जो फिल्में छोड़कर पहले द्रविड़ियन मुख्यमंत्री बने थे। एम. करूणानिधि भी पांच मरतबे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने थे। वे भी फिल्मी लेखक थे। एम.जी.रामचन्द्रन सुपरस्टार थे। उन्होने भी फिल्में छोड़कर राजनीति में प्रवेश किया था। वे भी 10 साल मुख्यमंत्री रहे। उसके बाद, उनकी प्रेमिका जयललिता ने उनकी विरासत संभाली थी। जयललिता छह मरतबे मुख्यमंत्री बनी थी। सभी फिल्मों से जुड़े उक्त कलाकार राजनीति में सफल हुए थे। लेकिन, अपवादस्वरूप शिवाजी गणेशन, विजयकांत, रजनीकांत, कमल हासन भी राजनीति में अपना भाग्य आजमाने आए थे। उन्होने प्रयास भी किया, किन्तु सफल नहीं हुवे।

खैर, थलापति विजय जब उन्होने अपने 9 मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है, तब उन्हे अपना थिंक टैंक पावरफुल रखना होगा। केवल लोकप्रियता से शासन नहीं चलता। चुनाव में अपने प्रचार में उन्होने भी तमिलनाडु की जनता से कई लुभावने वायदे किए हैं। जिसे पूरा करने हजारों करोड़ो रूपयों की जरूरत होगी। जनता ने उन पर आंख मुंदकर भरोसा किया है। देखना यह है कि थलापति विजय की सरकार तमिलनाडु में खरा उतरने में कितनी सफल होती है?

# सोमनाथ से सिंदूर तक : पुनरुत्थानशील भारत की भावना



- पीयूष गोयल -



75 वर्ष पहले किया गया भव्य सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना का निर्णायक क्षण था। इसने भारत की उस दृढ़ता और संकल्प को पुनः स्थापित किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' मिशन का मूल आधार है। इस पवित्र उपलब्धि की 75वीं वर्षगांठ राष्ट्र को भारतीय सभ्यता की मजबूत नींव और शक्ति पर सर्वोच्च विश्वास प्रदान करती है, जो 1,000 वर्षों तक कट्टरपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए भीषण हमलों को झेलने के बाद भी और अधिक सशक्त होकर उभरी।

गुजरात के शांत समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर हर आक्रमण के बाद खंडहरों से अपनी पूरी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ। कई मायनों में इसका इतिहास भारत के अतीत का प्रतिबिंब है, जहाँ हमारे शांतिप्रिय लोगों ने अपनी आस्था, संस्कृति और विरासत पर हुए क्रूर हमलों के बाद फिर से मजबूती से वापसी की।

जैसा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के लिए बार-बार षड्यंत्र और प्रयास हुए, उसी प्रकार विदेशी आक्रमणकारियों ने सदियों तक भारत को समाप्त करने की कोशिश की। फिर भी न तो यह पूजनीय तीर्थ नष्ट हुआ और न ही भारत।

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सोमनाथ पर हमलों का उद्देश्य लूटपाट से ज़्यादा खतरनाक था। उन्होंने कहा, 'यदि हमले केवल लूट के लिए होते, तो एक हजार वर्ष पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही रुक गए होते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ की पवित्र मूर्ति को अपवित्र किया गया, मंदिर के स्वरूप को बार-बार बदला गया। और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को केवल लूट के लिए नष्ट किया गया था। घृणा, उत्पीड़न और आतंक का यह क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गया।'

नेहरू का विरोध- स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण के मिशन का नेतृत्व किया। यह नवस्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में से एक था। लेकिन इस प्रयास की राह में भी मुश्किलें आईं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसके ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने का औपचारिक तौर पर विरोध किया। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया।

सदियों के क्रूर उत्पीड़न के बाद इस पुनर्निर्माण ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सभ्यता पर गर्व के बीज बोए। काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार से लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर तक; केदारनाथ के पुनर्जीवन से लेकर असंख्य धरोहर स्थलों के संरक्षण तक – भारत अपनी सभ्यता की कहानी को गरिमा और उद्देश्य के साथ पुनः स्थापित कर रहा है। इन प्रयासों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार के अनेक अवसरों का सृजन हो रहा है।

वैश्विक पहचान- सोमनाथ की ही भांति भारत भी और अधिक सशक्त होकर उभरा है। यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ अपनी समृद्ध विरासत और आधुनिकता के अद्वितीय संगम के लिए वैश्विक पहचान बना रहा है। 2014 में जब देश भारी बहुमत से मोदी सरकार को सत्ता में लाया, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया। योग आज एक वैश्विक वेलनेस मुहिम बन चुका है, जिसने दुनिया की सभी संस्कृतियों के लोगों को लाभ पहुंचाया है।

एक दशक बाद, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा उपहार में दी गई भूमि पर बने एक भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वह नियमित रूप से प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हैं जिससे वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली दूत बन जाते हैं।

आयुष और योग का वैश्वीकरण-भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों से जुड़े पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसरों का सृजन करना, हाल के वर्षों में भारत द्वारा विकसित देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हमारे कारीगरों, श्रमिकों, किसानों, मछुआरों, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए लाभकारी वैश्विक अवसरों का सृजन करने के साथ-साथ ये समझौते प्रधानमंत्री के ÷विकास भी, विरासत भी÷ के विजन को आगे बढ़ाते हैं।

हाल ही में न्यूजीलैंड के साथ संपन्न एफटीए पारंपरिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य सेवाओं में भारत की वैश्विक पहुँच में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसमें आयुष चिकित्सकों और योग प्रशिक्षकों के साथ-साथ भारतीय सांस्कृतिक एवं ज्ञान-आधारित पेशेवरों को न्यूजीलैंड में कार्य करने के लिए वीजा कोटा प्रदान किया गया है।

यह एफटीए आयुर्वेद, योग और अन्य पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं के व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करता है तथा आयुष को समकालीन और वैश्विक रूप से प्रासंगिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में स्थापित करता है।

ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए व्यापार समझौतों में भी इसी प्रकार के प्रावधान हैं। यूरोपीय संघ के साथ एफटीए आयुष चिकित्सकों को भारत में प्राप्त व्यावसायिक योग्यता के आधार पर यूरोपीय देशों में सेवाएँ देने की अनुमति देगा। यह यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में आयुष वेलनेस सेंटर और क्लीनिक बनाने में भी मदद करता है।

नई चुनौतियों पर विजय-जहाँ एक ओर भारत की सांस्कृतिक विरासत दुनिया का ध्यान आकृष्ट कर रही है, वहीं देश कट्टरपंथियों के निशाने पर बना हुआ है, जो आतंकवाद और घुसपैठ के माध्यम से भारत की सामंजस्यपूर्ण विरासत को बिगाड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत ऐसी चुनौतियों का ज़ोरदार जवाब देता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत ने आतंकवादियों और सीमा पार मौजूद उनके संरक्षकों को करारा सबक सिखाया। हाल के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने उन दलों को नकार दिया, जो घुसपैठियों का समर्थन कर रहे थे, वोट-बैंक की राजनीति कर रहे थे और भारत की सांस्कृतिक विरासत को कमजोर कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर और सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, दोनों की वर्षगांठ में कुछ ही दिनों का अंतर है। ये दोनों ही भारत की दृढ़ता और शक्ति को दर्शाती हैं।

सोमनाथ की कहानी अंततः राजनीति से कहीं आगे है। यह एक ऐसी सभ्यता की दास्तान है, जिसने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। अपने पुनर्निर्माण के 75 वर्ष बाद, आज सोमनाथ केवल मंदिर नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ता, निरंतरता और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का कालजयी प्रतीक बनकर खड़ा है।

**लेखक केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं।**

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : चकाचौंध में मन भटकने न दो। रुको मत, पाने मंजिल, आगे सदा ही बढ़ते रहो।

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



किशोरावस्था और युवावस्था जीवन के सर्वाधिक संभावनाओं से भरे हुए चरण हैं। इन अवस्थाओं में मनुष्य की मानसिक क्षमताओं के साथ-साथ शारीरिक क्षमता भी बलवती होती है। अगर अपार ऊर्जा की संभावना से भरे हुए इस दौर का सदुपयोग हो, तो मनुष्य के निज विकास और उपलब्धि के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के लिए भी सर्वश्रेष्ठ योगदान किया जाना संभव है।

विद्यार्थी जीवन में, विशेषकर किशोरावस्था में अपने कैरियर निर्माण के लिए सर्वाधिक परिश्रम, ध्यान संकेंद्रण और समय लगाने की आवश्यकता होती है। इसके स्थान पर अगर उसका ध्यान दुनिया के मायावी आकर्षणों में फंस गया, तो फिर उसकी गाड़ी अपने कर्मक्षेत्र की पटरी से उतर जाएगी और वह मोबाइल की लत, आलस्य, अकर्मण्यता, सुविधापसंद आदि बनने की अग्रसर हो जाएगा।साथ ही वह अगर सांसारिक इश्क के फेर में पड़ गया तो फिर वह दिन दूर नहीं, जब उसके जीवन में स्थाई ठहराव और जड़ता आ जाएगी। जहाँ उसका ध्यान एक बार पढ़ाई या अपने कार्य से हटा तो फिर वह भटक कर ही रह जाएगा। उसके जीवन का पतन प्रारंभ हो जाएगा।

विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल, योग, प्राणायाम, ध्यान भी आवश्यक है। यह उसके शरीर को कार्यक्षमता से युक्त बनाए रखने और मानसिक रूप से प्रफुल्लित तथा उत्साह, ऊर्जा से युक्त बनाए रखने के लिए आवश्यक है। आज के युग में प्रतिभा का परिष्कार और परिमार्जन करना आवश्यक है। अब यह विद्यार्थी के हाथ में है कि वह इसे अपनी अकर्मण्यता और भटकाव से कुंद कर दे या फिर इसे अपने आगे बढ़ने के लिए तेज धारदार हथियार बना ले।

इस संबंध में मेरी मौलिक काव्य पंक्तियां हैं:-

बनकर तुम फौलाद, मुश्किलें चूर करते रहो।

आग में तपकर तुम, तपस्या कठोर करते रहो।

चकाचौंध में मन अपना, कभी मत भटकने दो।

रुको मत, पाने मंज़िल, आगे सदा ही बढ़ते रहो।

## कविता

### सुशासन तिहार

गांव-गांव मनावत हे तिहार
जन-जन के सुशासन तिहार
नवा उमंग आऊ नवा पहिचान
छत्तीसगढ़ के बढ़ावत हे मान
सुशासन तिहार.......
हर मनखे के होवत हे झट सुनवाई
सब मन के चेहरा म लाली है छाई
किसान भैया, दीदी, ददा मोर दाई
शासन सब बर सुग्धर योजना लाई
सुशासन तिहार...........
गांव गांव सुन्दर विकास करत हे
किसानी मन के सपना खिलत हे
शिक्षा स्वास्थ्य घर-घर पहुंचत हे
महतारी वंदन के तको लाभ मिलत हे
सुशासन तिहार...........
समय म सबला काम मिलत हे
मेहनत के बढ़िया दाम मिलत हे
जनता ल शासन के पियार मिलत हे
छत्तीसगढ़ ह नवा विकास गढ़त हे
सुशासन तिहार........
सड़क,पानी आऊ बिजली आय
गांव-गांव, शहर ह भारी चमचमाय
दुख पीरा ल सब कहाथ हे बाय बाय
दुखिया मन के दुलरवा साय साय
सुशासन तिहार........
सुन्दर गली खोर आऊ सुन्दर विचार
जुरमिल मनाबो सुशासन तिहार
देश के बाढ़य मान आऊ सत्कार
सफल बनाबो सुशासन तिहार
सुशासन तिहार...



**थंगेश्वर कुमार साहू 'मीत'**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

## कविता

### एक मई

**तन हाडा-हाडा**
**बुता गाड़ा-गाड़ा**
**लगथे गजब करलई**
**माटी ले माटी मिलके**
**हो जथे एकमई।**
**का सउक करें बिचारा**
**अउ क देखही सपना**
**गिरहस्ती के नून तेल में**
**रोज के हाबे खपना**
**फोरा कस उपके हाबे**
**चिंता फिकर के छई,**
**माटी ले माटी मिलके**
**हो जथे एकमई।**



**पवन यादव 'पहुना'**
**ग्राम सुंदरा जिला**
**राजनांदगांव**

## सामयिक चर्चा

### चिन्ता मिटी

आराम से निश्चित बैठकर
बानी ने पढ़ी खबर -
''लो अब सुनिए गजाधर!
चार दिन ड्रामे के बाद
आखिर राज्यपाल को
मिल गया बहुमत का आकड़ा
तो तमिलनाडु में अन्ततः
आज से 'विजय युग' शुरू
और उधर पश्चिम बंगाल में
अब शुभेन्दु सरकार।''
गजाधर देर तक जम्हाई लेकर बोले -
''यह अच्छा हुआ बानी!
चिन्ता मिटी।
अब चलो यार!
आलू-प्याज लेने गोल बाजार।''
(रविवार 10 मई 2026)



**गिरीश बख्शी**

## कहानी

### तुलसी की माया

पूरी कॉलोनी में तुलसी के काम की चर्चा बनी रहती। कालोनी की सभी महिलाएं चाहतीं, तुलसी मेरे घर काम करने लगे। पर वाह रे तुलसी, महीने में छः दिन का गोल ऐसे ही मार देती।

कभी-कभी महीने में छः दिन ही काम पर आती तब भी कोई उसे अपने घर से काम से अलग नहीं करता।

छुट्टी मारने की उसकी अदा को कोई भांप नहीं सकता। उसकी हर चाल में सम्मोहन रहता जो सीधे घर मालकिन पर ही असर करता। किसी भी घर के पुरुष की यह हिम्मत नहीं रहती कि तुलसी के विपरीत दो शब्द कंठ से निकल जाए।

इन सब के बावजूद कॉलोनी में तुलसी का आकर्षण बना रहता। उसमें कोई विशेष योग्यता नहीं फिर भी अपने व्यवहार के कारण वह लोकप्रिय हो चुकी थी। उसके मीठे बोल सबको अपनी ओर आकर्षित कर लेते। जीवन उतार-चढ़ाव का ही नाम है। किसी रूप में धन कमाने की चाहत हर व्यक्ति में निहित रहना मनुष्य की जीवंत प्रवृत्ति का हिस्सा है। इसी चाह में तुलसी एक कम्पनी में अभिकर्ता बनती है और बिजनेस चैनल बनाने को आतुर हो जाती है। अब वह उसी कार्य में व्यस्त रहने लगी। अपने सगे, परिचितों से मिलकर अपनी आय को बढ़ाने की जद्दोजहद में कॉलोनी में बनी उसकी साख पर विपरीत प्रभाव होने लगा। वह कहीं-कहीं कर्ज लेकर अपने व्यवसाय को बढ़ाने का यत्न करने लगी थी।पहले उसकी स्फूर्ति, मीठे बोल और किसी काम को ना नहीं कहने की उसकी प्रवृत्ति उसकी खूबसूरती थी, जिसकी कायल कॉलोनी की हर महिला थी। तुलसी अब जीवन की ढलती शाम की तरह हो चुकी थी।

वही तुलसी जिसकी माया हमेशा बनी रही, वह धीरे -धीरे विलुप्त होने लगी। व्यावहारिक रूप में उसकी साख समाप्त हो चुकी थी। लोग व्यक्ति का वही रूप पसंद करते हैं, जो उनके लिए सुविधाजनक होता है।



**गजेंद्र बख्शी**
**रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी**
**राजनांदगांव**

## राशिफल

**मेष**

देखा जाए तो दिन की शुरुआत में चंद्रदेव मकर राशि में रहकर आपके दशम भाव (करियर और जिम्मेदारी का क्षेत्र) को सक्रिय करेंगे। सुबह के समय आप थोड़े गंभीर और काम के प्रति पूरी तरह समर्पित महसूस कर सकते हैं। हालांकि, दोपहर के बाद जैसे ही चंद्रदेव कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे, आपका ध्यान कर्तव्यों से हटकर इच्छाओं की पूर्ति पर जाने लगेगा। मंगलदेव और शनिदेव की युति मीन राशि में रहकर आपके बारहवें भाव को प्रभावित कर रही है, जो गुप्त खर्चों की ओर इशारा कर रहे हैं।

**वृष राशि**

आज दिन की शुरुआत में चंद्रदेव मकर राशि में रहकर आपके नवम भाव (भाग्य और धर्म का क्षेत्र) को सक्रिय कर रहे हैं। सुबह के समय आपका रुझान आध्यात्मिक कार्यों और दीर्घकालिक लक्ष्यों की ओर अधिक रहेगा। सूर्यदेव और अस्त बुध मेष राशि में रहकर आपके बारहवें भाव को प्रभावित कर रहे हैं, जो आत्म-चिंतन की ओर इशारा कर रहे हैं। ग्यारहवें भाव के मंगलदेव और शनिदेव आपके लाभ के रास्तों में कुछ चुनौतियां दे सकते हैं, लेकिन मेहनत से सफलता मिलेगी।

**मिथुन**

दिन की शुरुआत में चंद्रदेव आपके आठवें भाव (मकर राशि) में गोचर कर रहे हैं, जो मन में अनजाना डर या गहरे विचार पैदा कर सकते हैं। दोपहर के बाद जब चंद्रदेव नौवें भाव (कुंभ राशि) में प्रवेश करेंगे, तो आपका ध्यान भाग्य और धर्म की ओर केंद्रित हो जाएगा। बृहस्पतिदेव आपके लग्न में विराजमान हैं, जो आपको सही दिशा में ले जाने के लिए ज्ञान और सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। ग्यारहवें भाव के सूर्यदेव और अस्त बुध आपके सामाजिक दायरे को बढ़ाएंगे और लाभ के अवसर देंगे।

**कर्क**

दिन की शुरुआत में चंद्रदेव आपके सातवें भाव (मकर राशि) में हैं, जो साझेदारी और रिश्तों में थोड़ी गंभीरता पैदा कर सकते हैं। दोपहर होते ही जैसे ही चंद्रदेव आठवें भाव (कुंभ राशि) में जाएंगे, आपका ध्यान आंतरिक मंथन और समस्याओं को सुलझाने पर लग जाएगा। सूर्यदेव आपके दसवें भाव को रोशन कर रहे हैं, जो आपको करियर में नई ऊंचाई और मान-सम्मान दिला सकते हैं। ग्यारहवें भाव के शुक्रदेव की कृपा से आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी होने के संकेत मिल रहे हैं।

**सिंह**

दिन की शुरुआत में चंद्रदेव मकर राशि में गोचर करते हुए आपके छठे भाव (काम और सेहत का क्षेत्र) को सक्रिय करेंगे। सुबह के समय आप अपने दैनिक कार्यों और रूटीन को लेकर काफी व्यस्त रह सकते हैं। दोपहर बाद चंद्रदेव जैसे ही कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे, आपके सातवें भाव (पार्टनरशिप का स्थान) में हलचल बढ़ेगी। देखा जाए तो आज का दिन जिम्मेदारियों से शुरू होकर निजी रिश्तों के तालमेल पर खत्म होगा। दसवें भाव के शुक्रदेव आपकी पेशेवर छवि और आकर्षण को निखारेंगे।

**कन्या**

दिन की शुरुआत में चंद्रदेव मकर राशि में रहकर आपके पांचवें भाव (क्रिएटिविटी और बुद्धि का क्षेत्र) को सक्रिय करेंगे। सुबह आप काफी उत्साही और मानसिक रूप से सक्रिय महसूस कर सकते हैं। दोपहर बाद चंद्रदेव कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे आपका ध्यान कामकाज और सेहत के छठे भाव पर जाएगा। यह बदलाव मौज-मस्ती से हटकर अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की ओर इशारा कर रहा है। दसवें भाव के बृहस्पतिदेव करियर में तरक्की और मान-सम्मान के अच्छे अवसर देंगे।

**तुला**

शुरुआत में चंद्रदेव मकर राशि में रहकर आपके चौथे भाव (घर और आंतरिक शांति का क्षेत्र) को सक्रिय करेंगे। सुबह आप थोड़े भावुक रह सकते हैं और आपका पूरा ध्यान घरेलू सुख-सुविधाओं पर रहेगा। दोपहर बाद चंद्रदेव कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे आपके पांचवें भाव में नई ऊर्जा का संचार होगा। कलात्मक कार्यों और मौज-मस्ती के लिए यह एक बहुत ही सुखद समय है। भाग्य भाव के बृहस्पतिदेव आपको गुरुओं का आशीर्वाद और भाग्य का भरपूर सहयोग दिलाएंगे।

**वृश्चिक**

दिन की शुरुआत में चंद्रदेव मकर राशि में रहकर आपके तीसरे भाव (साहस और संवाद का क्षेत्र) को सक्रिय करेंगे। सुबह आप काफी सक्रिय, मुखर और मानसिक रूप से सतर्क महसूस करेंगे। दोपहर बाद चंद्रदेव कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे आपके चौथे भाव (घर और मन की शांति) में गोचर होगा। सातवें भाव के शुक्रदेव पार्टनर के साथ रिश्तों में मधुरता और तालमेल बनाए रखेंगे। पांचवें भाव के शनि-मंगल संतान या प्रेम जीवन को लेकर थोड़ा तनाव पैदा कर सकते हैं।

**धनु**

शुरुआत में चंद्रदेव मकर राशि में गोचर करते हुए आपके द्वितीय भाव (धन और वाणी का क्षेत्र) को सक्रिय करेंगे। सुबह के समय आपका पूरा ध्यान वित्तीय स्थिरता और प्रैक्टिकल मामलों पर केंद्रित रह सकता है। दोपहर बाद चंद्रदेव कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे आपके साहस और पराक्रम का तीसरा भाव जागृत होगा। देखा जाए तो आज का दिन केवल सोचने के बजाय ठोस कदम उठाने का है।सातवें भाव के बृहस्पतिदेव आपको दूसरों से सही मार्गदर्शन और पार्टनरशिप में सहयोग दिलाएंगे।

**मकर**

दिन की शुरुआत में चंद्रदेव आपकी ही राशि यानी लग्न में रहकर आपके व्यक्तित्व और भावनाओं को प्रभावित करेंगे। सुबह आप थोड़े भावुक और आत्म-जागरूक महसूस कर सकते हैं। दोपहर बाद चंद्रदेव कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे आपके धन और वाणी का दूसरा भाव सक्रिय होगा। आज का दिन खुद पर ध्यान देने से शुरू होकर पारिवारिक और आर्थिक स्थिरता की ओर बढ़ेगा।पांचवें भाव के शुक्रदेव क्रिएटिव कार्यों और प्रेम जीवन में खुशियां लेकर आएंगे।

**कुंभ**

पांचवें भाव के बृहस्पतिदेव आपकी क्रिएटिविटी और सकारात्मक सोच को पूरा सहयोग दे रहे हैं। दूसरे भाव के शनि-मंगल वाणी में कड़वाहट या धन संबंधी तनाव दे सकते हैं। चौथे भाव के शुक्रदेव घर में सुख-सुविधाओं और शांति का वातावरण बनाएंगे। सातवें भाव में केतु की स्थिति रिश्तों में स्पष्टता की कमी या वैराग्य का भाव दे सकती है। जल्दबाजी में कोई भी बड़ा कदम न उठाएं और अपनी बातचीत को नरम रखें।

**मीन**

शुरुआत में चंद्रदेव मकर राशि में गोचर करते हुए आपके ग्यारहवें भाव (लाभ और इच्छाओं के क्षेत्र) को सक्रिय करेंगे। सुबह आप खुद को काफी सामाजिक और लक्ष्यों के प्रति समर्पित महसूस करेंगे। दोपहर बाद चंद्रदेव कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे, जिससे आपका बारहवां भाव (एकांत और व्यय का स्थान) सक्रिय होगा। यह गोचर आपको बाहरी भागदौड़ से दूर आत्म-चिंतन की ओर ले जाने का संकेत है।

# घुमका चुनाव पर कांग्रेस की रणनीतिक बैठक



नगर पंचायत कांग्रेस ने बनाया, कांग्रेस ही संवारेगी

घुमका (दावा)। नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व केबिनेट मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल सहित जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि घुमका नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत करते हुए अध्यक्ष एवं सभी वार्डों में जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रणनीतिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनावी तैयारियों, जनसंपर्क अभियान एवं संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के प्रारंभ में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विपिन यादव एवं विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ब्लाक कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों को गमछा पहनाकर सम्मानित किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विपिन यादव एवं विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि घुमका को नगर पंचायत का दर्जा कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार की देन है। भाजपा सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार, कमजोर कानून व्यवस्था एवं ठप्प विकास कार्यों से जनता परेशान हो चुकी है। कांग्रेस ही घुमका के विकास को नई दिशा दे सकती है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पूरी मजबूती और बेहतर रणनीति के साथ चुनाव लड़ेगी तथा अध्यक्ष सहित सभी 15 वार्डों में जीत हासिल करेगी।

पूर्व केबिनेट मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रमेश डाकलिया, महामंत्री राहुल तिवारी एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राममूरत वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। नेताओं ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव पूरी तरह स्थानीय मुद्दों, जनसंपर्क और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर आधारित चुनाव होता है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर रणनीतिक रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की विफलताओं, बढ़ते भ्रष्टाचार, ठप्प विकास कार्यों एवं आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं तथा मजबूत जनसंपर्क और बेहतर समन्वय के साथ चुनावी अभियान को गति दें। साथ ही प्रत्याशी चयन में संगठनात्मक समन्वय, जनभावनाओं और जीत की क्षमता को प्राथमिकता देने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी चयन, बूथ प्रबंधन एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर अपने सुझाव रखे, जिस पर गंभीर चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री चंद्रेश वर्मा द्वारा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अनीस खान, दुर्गेश द्विवेदी, चंद्रेश वर्मा, राममूरत वर्मा, रतन यादव, अशोक फडणवीस, राधेश्याम ठाकुर,चुम्मन साहू, मतीन खान, जितेंद्र सिंह भाटिया, सुमन साहू, धीरज मेश्राम, टीकम यादव, गीता लाल वर्मा, खेमचंद वर्मा, संतोष देवांगन, आशीष वर्मा, धन्ना यादव, जयकुमार वर्मा, फरमान अली, पीयूष दुबे, भूषण निर्मलकर, लक्ष्मण वर्मा, केदार साहू, एकांत दुबे, फूलमती वर्मा, संतोषी वैष्णव, शशि वर्मा, डाली दुबे, उषा वर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डोंगरगांव भाजपा मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न

डोंगरगांव (दावा)। भाजपा मंडल द्वारा भाजपा मंडल की मासिक की मासिक बैठक सम्पन्न की गई।यह बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी आवाहन पर पूरे देश के भाजपा के प्रत्येक मंडल पर प्रति माह आयोजित की जाएगी।



यह बैठक डोंगरगांव मंडल भाजपा की मासिक बैठक में भाजपा पदाधिकारी एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ आगामी कार्यक्रमों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनहित के विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री दिनेश जी ने पूजा अर्चना करके बैठक की शुरुवात की, तथा श्री गांधी जी से अपने संबोधन में कहा कि यह बैठक संगठन को नई ऊर्जा, मजबूती एवं कार्यकर्ताओं को दिशा प्रदान करने का कार्य करती हैं। संवाद और समन्वय के माध्यम से संगठन निरंतर जनसेवा के संकल्प को और सशक्त बनाता है।

भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जो ''राष्ट्र प्रथम'' की भावना के साथ कार्यकर्ता आधारित संगठन के रूप में निरंतर देश और समाज की सेवा में समर्पित होकर कार्य कर रही है तथा श्री गांधी जी ने बैठक में आए सभी पदाधिकारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुवे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आह्वान किए गए कार्यक्रमों से जन जन को जोड़ने की अपील की अंत में मंडल अध्यक्ष दीना पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, श्रीमती जागृति यदु, दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, सतीश पाण्डेय, अरुण जैन, योगेश पटेल, लोकेश यदु, एवं कार्यकर्ता साथी प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# ग्राम मुरमुंदा में तालाब किनारे शासकीय भूमि पर चला बुलडोजर, अवैध दुकान निर्माण किया ध्वस्त

### मुरमुंदा में राजस्व अमले व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, अतिक्रमण मुक्त कराई गई सरकारी जमीन



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा में तालाब किनारे शासकीय भूमि पर किए जा रहे अवैध दुकान निर्माण पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। शनिवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चली इस कार्रवाई में राजस्व अमला और पुलिस बल मौजूद रहा।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मुरमुंदा के वार्ड क्रमांक 02 सतनामी पारा निवासी मोहन बघेल पिता स्व. गौतर बघेल द्वारा तालाब से लगी शासकीय भूमि पर बिना पंचायत अनुमति के अवैध रूप से दुकान निर्माण कराया जा रहा था। मामले की शिकायत मिलने पर जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के आदेश एवं एसडीएम एम. भार्गव के निर्देशन में तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव द्वारा संबंधित अतिक्रमणकारी को दो दिवस के भीतर निर्माण कार्य रोकने एवं शासकीय भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए थे।निर्धारित समय सीमा में कब्जा नहीं हटाए जाने पर शनिवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मौके पर बुलडोजर कार्रवाई की।

### तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव ने की कार्रवाई

तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव की मौजूदगी में अवैध निर्माण को हटाकर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग का अमला, पुलिस बल एवं पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। त्वरित कार्रवाई के माध्यम से प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### शासकीय भूमि पर बड़े पैमाने में किए गए अन्य अतिक्रमण पर भी कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता - ग्रामीण

ग्रामीणों का आरोप है की प्रशासनिक कार्रवाई में भेदभाव किया गया। जिस प्रकार तालाब किनारे का अतिक्रमण हटाया गया उसी प्रकार मुरमुंदा क्षेत्र में स्थित अन्य शासकीय भूमि पर बड़े पैमाने में अतिक्रमण किया गया है, उस पर भी प्रशासन को कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करते आदतन आरोपी रवि शेंडे गिरफ्तार




डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। कल 9 मई को सूचना प्राप्त हुई कि डोंगरगढ़ भीमनगर निवासी रवि शेंडे अपनी मोटर सायकल टीवीएस राइडर क्रमांक सीजी-08/बीजी 1509 में मेढ़ा भट्ठी से एक थैले में अत्यधिक मात्रा में शराब लेकर अवैध रूप से बिक्री हेतु अपने घर ला रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रज्ञागिरी जाने वाले तिराहा हनुमान मंदिर के पास ग्राम कुरभाठा में नाकाबंदी कर आरोपी रवि शेंडे को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 45 पाव गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती 5,400 रुपये एवं मोटर सायकल टीवीएस राइडर क्र. सीजी-08/बीजी 1509 कीमती 1 लाख रुपये कुल कुल कीमती 1,05,400 रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी है।

# दिग्विजय कॉलेज की अव्यवस्थाओं पर एबीवीपी ने खोला मोर्चा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन से प्राचार्या को हटाने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित दिग्विजय महाविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अव्यवस्था और छात्र विरोधी कार्यशैली के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने आंदोलन तेज कर दिया है। परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय की वर्तमान प्राचार्या को हटाने और शैक्षणिक माहौल सुधारने की मांग की है।

### छात्रों पर दबाव बनाने और मोबाइल जब्ती का आरोप

एबीवीपी पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि महाविद्यालय में इन दिनों भय और दबाव का वातावरण निर्मित हो गया है। नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं को सुनने के बजाय उनके साथ अनुचित व्यवहार किया जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर छात्र-छात्राओं के मोबाइल फोन जब्त किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह से गलत है।

### एटीकेटी शुल्क और परिणामों में देरी से आक्रोश

जिला संयोजक धनंजय पांडे ने कहा कि एटीकेटी परीक्षाओं के नाम पर विद्यार्थियों से अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है। वहीं, परीक्षा परिणामों में लगातार हो रही देरी के कारण छात्र अपना शैक्षणिक वर्ष बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंदना श्रीवास्तव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज का शैक्षणिक स्तर गिर रहा है और छात्रहित पूरी तरह हाशिए पर हैं।

### सकारात्मक वातावरण की मांग

परिषद ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण कर कॉलेज में सकारात्मक और छात्रहितकारी माहौल सुनिश्चित नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक गढ़वाल, नगर सह मंत्री भूपेंद्र पाल, नगर एसएफएस प्रमुख चैतन्य त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोहलकसा जंगल में रेत माफिया का तांडव : रक्षक ही बने भक्षक, प्रशासन की 'मौन सहमति' से उजाड़े जंगल के नदी-नाले

डोंगरगढ़/सड़क चिरचारी(दावा)। डोंगरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र के फत्तेगंज सर्किल अंतर्गत आने वाला कोहलकसा जंगल आज विभागीय भ्रष्टाचार और अधिकारियों की घोर लापरवाही की भेंट चढ़ चुका है। वर्षों से चल रहे संगठित अवैध रेत उत्खनन ने यहाँ के प्राकृतिक नदी - नालों का अस्तित्व ही मिटा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की नाक के नीचे ट्रैक्टर में मजदूरों की सहायता से नालों के सीने को छलनी किया गया। जिससे क्षेत्र में स्थित नदी - नाले पूरी तरह रेत विहीन होने की कगार पर हैं। विडंबना यह है कि जहाँ शासन पर्यावरण संरक्षण के नाम पर करोड़ों का बजट कागजों पर बहा रहा है, वहीं जमीनी हकीकत में ऊंचे पदों पर बैठे अफसरों के संरक्षण में जंगल की संपदा को खुलेआम लूटा जा रहा है।

इस पूरे काले कारोबार ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। निस्तारी के लिए इस जंगल पर निर्भर इन ग्रामीणों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि उनके जंगल की अनमोल रेत को माफियाओं ने बाहर बेच दिया, जबकि गाँव के विकास कार्यों के लिए रेत उपलब्ध नहीं कराई गई। ग्रामीणों का कहना है कि रेत की तस्करी से माफियाओं और भ्रष्ट अधिकारियों की जेबें तो भर गईं, लेकिन गाँव के बुनियादी ढांचे के लिए एक ईंट तक नहीं लग सकी। आज कोहलकसा के सूखे और खोखले हो चुके नदी - नाले इस बात का प्रमाण हैं कि किस तरह स्थानीय हक पर डकैती डालकर कुदरत का गला घोंटा गया है।

### अधिकारियों के संरक्षण में लुटा जा रहा कोहलकसा का जंगल -



यह विडंबना ही है कि जब कोहलकसा के जंगल को लूटा जा रहा था, तब हमारे जिम्मेदार अधिकारी वातानुकूलित (ष्ट) कमरों में बैठकर %जंगल बचाओ% की कागजी रणनीतियां बनाने में मशरूफ थे। मखमली कुर्सियों पर बैठकर बनाई गई ये योजनाएं जमीनी धरातल पर कितनी खोखली हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस अवैध उत्खनन की जानकारी गाँव के बच्चे-बच्चे को थी, उसकी भनक वर्दीधारी अफसरों को नहीं लगी। जब क्षेत्र के डिप्टी रेंजर से इस संबंध में जानकारी लिया गया तो उन्होंने कहा कि ÷मै 6 महीने चार्ज में नहीं था ट्रेनिंग में आए अफसरों के पास चार्ज था। डिप्टी रेंजर द्वारा ट्रेनिंग ऑफिसरों का बहाना बनाना, महज एक प्रशासनिक पैंतरा नजर आता है, क्योंकि ग्रामीणों के अनुसार यह खेल वर्षों से चल रहा है। यह स्पष्ट है कि बिना आला अफसरों की 'रणनीतिक संलिप्तता' के जंगल की इतनी बड़ी संपदा का दोहन मुमकिन नहीं था।

### पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत वनों की सुरक्षा वन अधिकारियों का वैधानिक कर्तव्य

अधिकारियों को यह याद दिलाने की आवश्यकता है कि भारतीय वन अधिनियम, 1927 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत वनों की सुरक्षा करना उनका प्राथमिक वैधानिक कर्तव्य है। नियमों के मुताबिक, वन क्षेत्र के भीतर किसी भी प्रकार का उत्खनन गैर-कानूनी है और इसके लिए सख्त कारावास व जुर्माने का प्रावधान है। यदि स्थानीय अमला अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहता है, तो यह सीधे तौर पर 'कर्तव्य की अवहेलना' की श्रेणी में आता है। प्रशासन को यह नहीं भूलना चाहिए कि यदि यह मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तक पहुँचता है, तो इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। हत्तञ्ज न केवल दोषी अधिकारियों पर भारी व्यक्तिगत जुर्माना लगा सकता है, बल्कि पर्यावरण की क्षतिपूर्ति के लिए करोड़ों रुपये की रिकवरी का आदेश भी दे सकता है, जिससे पूरे विभाग की साख दांव पर लग जाएगी।आज कोहलकसा के नाले अपने अस्तित्व की अंतिम सांसे ले रहे हैं। यदि समय रहते इन सफेदपोश रक्षकों पर लगाम नहीं कसी गई और अवैध उत्खनन के इस सिंडिकेट को नहीं तोड़ा गया, तो आने वाली पीढ़ियां इस प्राकृतिक तबाही के लिए वर्तमान प्रशासन को कभी माफ नहीं करेंगी। ग्रामीणों की मांग है कि इस मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो और दोषी अधिकारियों को केवल हटाकर नहीं, बल्कि उन पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा जाए।

# भण्डारपुर में जनसमस्या निवारण शिविर आज

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश सरकार की सुशासन तिहार-2026 अभियान के तहत आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार 11 मई को जनपद पंचायत खैरागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भण्डारपुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर ग्राम पंचायत परिसर के समीप सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे जहां ग्रामीण अपनी शिकायतें, मांगें और समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित भी करेंगे। भण्डारपुर क्लस्टर अंतर्गत ग्राम भण्डारपुर, गर्रापार, खम्हारडीह, अचानकपुर नवागांव, टेकापार, मुढ़ीपार, गुमानपुर, परसाही, करेला, दैहान, खपरी सिरदार, चिचोला, उरईडबरी, घोंघेडबरी, मदनपुर, टोलागांव व जुरलाकला को शामिल किया गया है।

# स्वाधीन जैन ने उद्योग भूमि में डायवर्जन शुल्क छूट ऑनलाइन न मिलने पर चेंबर अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



दल्लीराजहरा/बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर के बालोद जिला मंत्री स्वाधीन जैन ने प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी को ज्ञापन सौंपा।

स्वाधीन जैन ने बताया गया कि छत्तीसगढ़ शासन की 'औद्योगिक विकास नीति 2024-30' के अंतर्गत एमएसएमई एवं विनिर्माण इकाइयों को औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि डायवर्जन शुल्क में लगभग 50त्न तक छूट का प्रावधान किया गया है। परंतु वर्तमान में ऑनलाइन भूमि डायवर्जन पोर्टल में उक्त छूट का विकल्प उपलब्ध नहीं हो रहा है।

इस तकनीकी खामी के कारण नए उद्योग स्थापित करने वाले एमएसएमई उद्यमियों को शासन द्वारा घोषित छूट का लाभ ऑनलाइन प्रक्रिया में प्राप्त नहीं हो पा रहा है तथा उन्हें पूर्ण शुल्क भुगतान की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इससे नए एवं लघु उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों को शुरुआत में ही आर्थिक व प्रक्रियात्मक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बालोद जिला मंत्री स्वाधीन जैन ने कहा कि शासन की मंशा उद्योगों को प्रोत्साहन देने की है, परंतु ऑनलाइन प्रणाली में आवश्यक प्रावधान उपलब्ध नहीं होने से नीति का वास्तविक लाभ जमीनी स्तर पर प्राप्त नहीं हो पा रहा है। उन्होंने चैम्बर अध्यक्ष से आग्रह किया कि संबंधित विभाग एवं शासन स्तर पर आवश्यक तकनीकी अपडेट करवाने हेतु उचित पहल करें, जिससे पात्र औद्योगिक इकाइयों को शासन द्वारा निर्धारित भूमि डायवर्जन शुल्क छूट का लाभ ऑनलाइन प्रक्रिया में भी सुगमता से प्राप्त हो सके। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपते समय चैम्बर के पदाधिकारी राजेश वाशवानी कार्यकारी अध्यक्ष, जसप्रीत सलूजा कार्यकारी अध्यक्ष, युवा नेता जयदीप गुप्ता, दिलीप इशारानी, जीतू शादीजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

चैम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए कहा कि इस विषय पर मंत्री ओ.पी. चौधरी से मिलकर चर्चा की जाएगी और समस्या का शीघ्र निदान कराया जाएगा।

# मानवता, सेवा और करुणा को समर्पित रेडक्रॉस-थगेश्वर साहू




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया।

मुख्य अतिथि व्याख्याता असीम कुमार यदु ने बताया कि रेडक्रॉस दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य युद्ध, आपदा, महामारी या स्वास्थ्य संकट में घायल और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना होता है। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी एवं संचालनकर्ता व्याख्याता थगेश्वर कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस प्रतिवर्ष पूरे विश्व में 8 मई को मनाया जाता है। यह दिन मानवता, सेवा और करुणा को समर्पित होता है और यह दिवस रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी के जयंती के अवसर पर मनाया जाता है । यह दिन लाखों स्वयंसेवकों और कर्मचारियों के मानवीय प्रयासों को सम्मानित करता है, जो दुनिया भर में संकट के समय सहायता प्रदान करते हैं। व्याख्याता राजेश नेताम ने भी अपने विचार रखें। छात्र-छात्राओं के द्वारा रेडक्रॉस दिवस पर निबंध, स्लोगन, कविता के माध्यम से विचार रखा गया जिसमें कु. दिव्या नेताम, कु.फेमिका, कु. जासमीन, कु. वैशाली, कु. देवकी, कु. जैस्मिन, कु. काजल, रामकुमार, खिलेश्वर आदि।

# वार्ड 23 की पुरानी डबरी के सौंदर्यीकरण की मांग, पार्षद सुमित ताम्रकार ने सौंपा ज्ञापन

डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद व सभापति सुमित ताम्रकार ने वार्ड स्थित पुरानी डबरी के सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव व राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में डबरी की वर्तमान स्थिति का उल्लेख करते हुए इसके सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराए जाने की मांग की गई है। पार्षद ताम्रकार ने बताया कि वार्ड में स्थित यह डबरी काफी पुरानी है और लंबे समय से उपेक्षित होने के कारण इसकी साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने डबरी की सफाई कर आसपास पौधरोपण, बैठने की व्यवस्था, पथ-वे निर्माण एवं अन्य सुविधाएं विकसित किए जाने की मांग रखी है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि डबरी के आसपास सामुदायिक भवन का निर्माण भी कराया जा सकता है, जिससे धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। इसके अलावा क्षेत्र को आकर्षक बनाने के लिए ओपन जिम, मॉर्निंग एवं ईवनिंग वॉक, योगा स्थल तथा लाइटिंग व्यवस्था विकसित करने का सुझाव भी दिया गया है।



पार्षद ने कहा कि डबरी के सौंदर्यीकरण से क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय नागरिकों को मनोरंजन एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। साथ ही इससे पर्यटन एवं छोटे व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री व सांसद से वार्डवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए आवश्यक स्वीकृति एवं विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है।

# हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव ने महाराणा प्रताप जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई



राजनांदगांव (दावा)। हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव द्वारा वीर शिरोमणि, राष्ट्र गौरव एवं हिंदू स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती आरके नगर चौक, राजनांदगांव में बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, पराक्रम, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक हैं। उनका जीवन हम सभी को राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करता है। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रभक्ति, साहस और स्वाभिमान के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिला एवं नगर पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और महाराणा प्रताप अमर रहें के जयघोष के साथ किया गया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, दिनेश झूलन, सविता बोस, कमलेश साहू, भोला यादव, रिंकू तिवारी, विष्णु सिन्हा, जुगल गुप्ता, प्रभात गुप्ता, राजा राज सोनकर, अरुण राय एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### वैभव सूर्यवंशी के सिर पर सिक्सर किंग का ताज



नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के धाकड़ सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का बल्ला जमकर हल्ला बोल रहा है। ढ्ढक्करु 2026 में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में वैभव शीर्ष पर बरकरार हैं। आइए जानते हैं इस सीजन सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाजों के बारे में... रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी ऋष्टक्क के कप्तान इस सीजन अब तक सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में चौथे पायदान पर हैं। आईपीएल 2026 में उन्होंने अब तक 10 मैच खेले हैं और 318 रन बनाए हैं। उनका औसत 39.75 और स्ट्राइक 200 का है। इस दौरान उनके बल्ले से 30 छक्के आ चुके हैं।

अब तक सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में मुंबई इंडियंस के रयान रिकल्टन तीसरे पायदान पर हैं। इस सीजन रयान का बल्ला जमकर बोल रहा है। उन्होंने 8 मैचों में 54 से ज्यादा के औसत और 190.95 के स्ट्राइक रेट से 380 रन बनाए हैं। इसमें 33 छक्के भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा फिलहाल दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। उन्होंने अब तक 36 छक्के जड़े हैं। अभिषेक इस सीजन 11 मैचों में 475 रन बना चुके हैं और ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर हैं। आईपीएल 2026 के सिक्सर किंग हैं 15 साल के स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी। राजस्थान रॉयल्स का ये होनहार बल्लेबाज अब तक 40 छक्के जड़ने का कमाल कर चुका है। वैभव इस सीजन टॉप-5 रन स्कोरर बल्लेबाजों में भी शुमार हैं।

### भूकंप से कांपी भारत के पड़ोसी देश की धरती, रिक्टर स्केल पर 4.1 मापी गई तीव्रता

नई दिल्ली। नेपाल के पर्वतीय जिले दार्चुला में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई। नेपाल के भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप रविवार सुबह 11 बजकर 55 मिनट पर आया। इसका केंद्र दार्चुला जिले के तपोवन इलाके में जमीन के भीतर स्थित था। भूकंप के झटके महसूस होते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग एहतियातन अपने घरों से बाहर निकल आए।

इससे पहले, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। भूकंप सुबह 9 बजकर 57 मिनट पर आया। इसका केंद्र जमीन की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। इसकी भौगोलिक स्थिति 33.289 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.739 डिग्री पूर्वी देशांतर दर्ज की गई है। इससे पहले, 29 अप्रैल की शाम ओडिशा के कालाहांडी जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.1 दर्ज की गई थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप शाम 7 बजकर 42 मिनट पर आया था। इसका केंद्र जमीन की सतह से लगभग 24 किलोमीटर नीचे स्थित था। इसकी सटीक स्थिति 19.729 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 82.599 डिग्री पूर्वी देशांतर पर मापी गई थी। जिले के धर्मगढ़ा, जूनागढ़, कोकसारा, थुआमूल रामपुर और भवानीपटना ब्लॉकों में भूकंप के झटके कुछ सेकंड तक महसूस किए गए थे। अधिकारियों ने बताया था कि प्रभावित क्षेत्रों से किसी भी प्रकार की जानमाल की क्षति की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली।

### श्रेयस अय्यर ने जीता आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड, चैंपियंस ट्रॉफी में मचाया था धमाल

नई दिल्ली। श्रेयस ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सर्वाधिक 243 रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। इस टूर्नामेंट में उन्होंने दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं थीं। आईसीसी द्वारा प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए चुने जाने के बाद अय्यर ने कहा- मैं मार्च के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ के रूप में नामित होने पर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मान्यता अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती - एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।

भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया था। यह भारत का लगातार दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट खिताब है। इससे पहले 2024 में टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप जीता था। दुबई में खेले गए फाइनल मैच में 30 वर्षीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने दो चौके और इतने ही छक्के की मदद से 48 रन बनाए थे। भारत ने यह मुकाबला चार विकेट से जीता था।

इस दौरान अय्यर ने फैंस को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा- इतने बड़े मंच पर भारत की सफलता में योगदान देने में सक्षम होना हर क्रिकेटर का सपना होता है। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। प्रशंसकों को भी दिल से धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में सबकुछ ठीक नहीं! सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को लेकर खिलाड़ियों और बोर्ड में बढ़ी तकरार

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट इस समय बड़े बदलाव और अंदरूनी तनाव के दौर से गुजर रहा है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग को निजी हाथों में देने की कोशिश भले ही फिलहाल सफल नहीं हुई हो, लेकिन उसके बाद से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के भीतर असंतोष लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है. अब मामला सिर्फ बीबीएल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका असर नेशनल कॉन्ट्रैक्ट, खिलाड़ियों की संतुष्टि और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के भविष्य पर भी पड़ता दिख रहा है.

कोड स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक कम से कम पांच सीनियर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने अभी तक अपने नए नेशनल कॉन्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किए हैं. बताया जा रहा है कि कुछ खिलाड़ी



नए कॉन्ट्रैक्ट में मिलने वाली रकम से खुश नहीं हैं, जबकि कुछ खिलाड़ी विदेशी टी20 लीग्स में खेलने के लिए ज्यादा आजादी चाहते हैं. खिलाड़ियों की मांग है कि उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र आसानी से मिले, ताकि वे दुनिया की बड़ी फ्रेंचाइजी लीग्स में हिस्सा ले सकें. पिछले कुछ सालों तक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट को सबसे ऊपर रखते थे. लेकिन अब इंडियन प्रीमियर लीग टी20, इंटरनेशनल लीग टी20 जैसी लीग्स खिलाड़ियों को भारी रकम ऑफर कर रही हैं. ऐसे में कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अब अपने करियर और कमाई को लेकर नई रणनीति बना रहे हैं.

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस को लगभग 12 मिलियन डॉलर का तीन साल का बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिलने वाला है. कमिंस दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टार्स में शामिल हैं, लेकिन इस खबर के बाद कई खिलाड़ियों के बीच नाराजगी बढ़ी है. कुछ खिलाड़ियों का मानना है कि उनकी सैलरी अब आधुनिक फ्रेंचाइजी क्रिकेट के मुकाबले काफी पीछे रह गई है.

रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल अक्टूबर में बीबीएल के 12 प्रमुख खिलाड़ियों ने एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया था. इस ग्रुप में खिलाड़ियों ने लीग के अंदर सैलरी असमानता पर चर्चा की. खिलाड़ियों की शिकायत है कि कई विदेशी खिलाड़ियों को घरेलू ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से ज्यादा पैसा मिलता है, जबकि वे हमेशा बड़े नाम भी नहीं होते. बीबीएल पहले से ही कई चुनौतियों से जूझ रही है. दूसरी टी20 लीग्स से मुकाबला, व्यस्त इंटरनेशनल शेड्यूल, बड़े खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी जैसी समस्याएं पहले से मौजूद हैं.

## बिग बॉस विजेता एल्विश यादव को मिली जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली। बिग बॉस ओटीटी 2 विजेता एल्विश यादव अक्सर ही किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। कभी अपने शो, म्यूजिक वीडियोज को लेकर तो कभी विवादों को लेकर। अब एल्विश एक बार फिर चर्चा में हैं, जिसकी वजह उनसे मांगी गई 10 करोड़ की रंगदारी है। जी हां, एल्विश यादव को जान से मारने की धमकी मिली है और इसी के साथ उनसे 10 करोड़ की रंगदारी मांगी गई है। एल्विश और उनके पिता को एक विदेशी नंबर से मैसेज भेजा गया है, जिसमें उनसे 10 करोड़ की एक्सटॉर्शन मनी की डिमांड की गई है।



एल्विश यादव से मैसेज के जरिए 2 दिन में 10 करोड़ देने की डिमांड की गई है और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। मैसेज मिलने के बाद उन्होंने गुरुग्राम (हरियाणा) के सेक्टर 56 थाने में अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एल्विश को विदेशी नंबर से व्हॉट्सएप पर कॉल आई थी। वो ये कॉल रिसीव नहीं कर पाए, जिसके बाद उन्हें एक व्हॉट्सएप मैसेज मिला, जिसमें उनसे 10 करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी।

## बांग्लादेश, पाकिस्तान टेस्ट मैच बारिश के कारण तीसरे दिन का खेल रोका गया

नई दिल्ली। बांग्लादेश ने पहले दिन शानदार बल्लेबाजी कर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली थी, लेकिन दूसरे दिन पाकिस्तान ने जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले का रंग ही बदल दिया। अब तीसरे दिन का खेल जारी है। अजान अवैस ने अपना शतक पूरा कर लिया है। इससे पहले वह दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 85 रन बनाकर नाबाद थे। पाकिस्तान ने 1 विकेट खोकर 200 से ज्यादा रन स्कोरबोर्ड पर लगा दिए हैं।

बांग्लादेशी की पहली पारी 413 रन पर सिमटी। इसके बाद डेब्यू कर रहे युवा ओपनर अजान अवैस ने नाबाद गेंदबाजी जमाकर पाकिस्तान को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान ने 1 विकेट खोकर 179 रन स्कोरबोर्ड पर लगा दिए थे। पहले टेस्ट के



दूसरे दिन बांग्लादेश ने 301/4 से अपनी पारी आगे बढ़ाई और बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश की, लेकिन मोहम्मद अब्बास ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम को 413 रन पर समेट दिया। अब्बास ने 92 रन देकर 5 विकेट झटके और पाकिस्तान की मैच में वापसी कराई। उनकी सटीक लाइन और लेंथ के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं सके। इसके बाद पाकिस्तान की शुरुआत भी शानदार रही। इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू कर रहे अजान अवैस ने बेखौफ बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 85 रन बनाए। उन्होंने अनुभवी सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक के साथ पहले विकेट के लिए 106 रन की मजबूत साझेदारी की। इमाम-उल-हक 45 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ऑफ स्पिनर मेहदी हसन ने एलबीडब्ल्यू आउट किया।

## टी20 वर्ल्डकप वर्ल्डकप के लिए एक और टीम का ऐलान, हफ्ते के भीतर पाकिस्तान और भारत दोनों से होगी भिड़ंत

नई दिल्ली। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का अगले महीने आगाज होना है। ऐसे में टीमों के ऐलान होने का सिलसिला जारी है। इस बीच एक और टीम का ऐलान टूर्नामेंट के लिए हो गया है। ये टीम है बांग्लादेश, जिसने 15 सदस्यीय स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। एक बार फिर अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज निगार सुल्ताना जोटी टीम की कप्तानी संभालेंगी। टीम में कई अनुभवी और युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। कप्तान निगार सुल्ताना जोटी के साथ उपकप्तान नाहिदा अख्तर टीम की अहम जिम्मेदारी संभालेंगी। बांग्लादेश की टीम इस बार बड़े सपनों के साथ टूर्नामेंट में उतरने जा रही है।

बांग्लादेश महिला टीम टी20 वर्ल्ड कप में लगातार 7वीं बार शिरकत करेगी। टीम ने पहली बार 2014 में इस टूर्नामेंट में हिस्सा



लिया था। पिछले संस्करण 2024 में बांग्लादेश ने स्कॉटलैंड को 16 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। इस साल खेले गए ICC महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 ग्लोबल क्वालिफायर में बांग्लादेश ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। टीम ने ग्रुप स्टेज और सुपर सिक्स चरण में एक भी मैच नहीं गंवाया और टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल कर वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया। बांग्लादेश की टीम वर्ल्ड कप से पहले स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के साथ ट्राई सीरीज खेलेगी। टीम 25 मई को एडिनबर्ग के लिए रवाना होगी और इसके बाद लॉफबोरो में ञ्20 वर्ल्ड कप के अभ्यास मुकाबले खेलेगी। बांग्लादेश अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत 14 जून को नीदरलैंड्स के खिलाफ बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर करेगी।

## नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी के रडार पर 13 क्रिकेटर, दो को भेजा गया नोटिस

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के बीच नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (एनएडीए) ने दो भारतीय क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल और शेफाली वर्मा को नोटिस जारी किया है. उनके खिलाफ आरोप है कि ये दोनों ही खिलाड़ी पिछले साल निर्धारित डोप परीक्षण के लिए उपलब्ध नहीं थे.

दोनों खिलाड़ी फिलहाल एनएडीए के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल का हिस्सा हैं. इन पर नियमित टेस्टिंग लागू होती है और इन्हें अपने ठिकाने की जानकारी देनी होती है, ताकि बिना किसी पूर्व सूचना के होने वाली टेस्टिंग के लिए इन्हें ढूंढा जा सके.

रिपोर्ट के अनुसार, डोप कंट्रोल ऑफिसर पिछले साल 17 दिसंबर को यशस्वी जायसवाल का टेस्ट करने पहुंचे थे, और पिछले साल 7 नवंबर को शेफाली वर्मा का टेस्ट करने पहुंचे थे. लेकिन, दोनों ही अपने बताए



गए पते पर नहीं मिले.

इसके बाद एनएडीए ने इस साल 18 और 20 फरवरी को दोनों क्रिकेटरों से इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन किसी ने भी कोई जवाब नहीं दिया. इसके परिणामस्वरूप, एनएडीए ने आधिकारिक तौर पर दोनों खिलाड़ियों के लिए पहला मिस्ड टेस्ट दर्ज कर लिया है, इसी वजह से जायसवाल और शेफाली को वेयर अबाउट्स फेलियर (अपने ठिकाने की जानकारी न देने) के लिए नोटिस जारी किया गया.

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि दोनों क्रिकेटरों को स्पष्टीकरण देने के लिए सात दिन का समय दिया गया है. दोनों खिलाड़ियों के मिस्ड टेस्ट से जुड़ी जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और आईसीसी के साथ भी साझा की गई है. यशस्वी फिलहाल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रही हैं, जबकि शेफाली उस भारतीय महिला टीम का हिस्सा थीं जिसने हाल ही में सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था.

अब, दोनों क्रिकेटरों को बेहद सावधान रहना होगा. एनएडीए के एंटी-डोपिंग नियमों (अनुच्छेद 2.4) के तहत, 12 महीने की अवधि के भीतर तीन बार वेयर अबाउट्स फेलियर (जानकारी न देना और/या टेस्ट छूट जाना) होना एंटी-डोपिंग नियमों का उल्लंघन माना जाता है. इसके परिणामस्वरूप, उन पर 4 साल तक का प्रतिबंध लगाया जा सकता है. बता दें कि एनएडीए के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल में शामिल एथलीटों को हर तीन महीने में अपने ठिकाने की जानकारी देनी होती है. इसमें घर का पता, ईमेल एड्रेस और फोन नंबर; रात में रुकने की जगह का पता; मुकाबले का शेड्यूल और जगह (कब और कहां होंगे); और हर दिन के लिए 60 मिनट का एक ऐसा समय बताना होता है, जब वे टेस्टिंग के लिए उपलब्ध और मौजूद रहेंगे.

## ज्योतिष चमत्कार ( 11 मई 2026 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 74 | 81 | 93 | 01 |
| मंगल | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 82 | 92 | 02 | 10 |
| बुध | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 91 | 03 | 19 | 26 |
| गुरू | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 04 | 18 | 28 | 39 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 17 | 29 | 37 | 46 |
| शनि | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 20 | 36 | 47 | 59 |
| अंकों का बादशाह | 8 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 3 | 6 |
| स्पेशल | 10 | 29 | 35 | 64 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 21 | 32 | 41 | 54 |
| मंगल | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 31 | 42 | 53 | 67 |
| बुध | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 43 | 52 | 68 | 79 |
| गुरू | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 51 | 69 | 78 | 86 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 60 | 76 | 87 | 98 |
| अंकों का बादशाह | 3 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 4 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 57 | 86 | 92 | 01 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 03 | 77 | 53 | 89 | 33 |
| 53 | 52 | 48 | 04 | 83 | 79 |
| 79 | 98 | 75 | 37 | 97 | 68 |
| 95 | 13 | 95 | 51 | 34 | 18 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 06 | 43 | 45 | 77 | 85 |
| 00 | 58 | 53 | 71 | 68 |
| 63 | 85 | 71 | 29 | 27 |
| 71 | 34 | 48 | 25 | 66 |

**जनवरी 2025 से मई 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-86-92
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166-
4-400-888 5-122 -799-555
6-330-466-222 7- 999 8-567-440-666
9-144-559-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-49-88-95 -99-01
1-146-290-777, 2-660-444,3-166 -111,
4-112-888, 5-366-447-555 6-556-222,
7-700-999, 8-189-288-666, 9-117-577
- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**सीएम पद संभालते ही विजय.....**

पुराना टैरिफ लागू होगा। सरकार का कहना है कि इससे बिजली की बर्बादी को भी रोका जाएगा और जरूरतमंदों को ज्यादा फायदा पहुंचेगा। इस बीच, विशेषज्ञों का कहना है कि यह ऐलान राज्य की बिजली कंपनियों पर अतिरिक्त बोझ डाल सकता है। तमिलनाडु पहले से ही बिजली घाटे से जूझ रहा है। लेकिन नई सरकार का मानना है कि बेहतर प्रबंधन, सोलर पावर बढ़ावा और केंद्र से मदद लेकर इस बोझ को संभाला जाएगा। मुख्यमंत्री विजय ने इस मौके पर कहा- हमारी सरकार का वादा है कि हर घर में सस्ती और लगातार बिजली पहुंचे। यह सिर्फ शुरुआत है। हालांकि, यह स्कीम मुख्य रूप से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए है, लेकिन सरकार ने संकेत दिया है कि किसानों को भी बिजली सप्लाई में सुधार किया जाएगा। छोटे उद्योगों और दुकानदारों को भी जल्द कुछ राहत पैकेज आने की उम्मीद है। विपक्षी पार्टियों ने इस ऐलान का स्वागत तो किया है लेकिन सवाल भी उठाए हैं। एक नेता ने कहा- अच्छा फैसला है, लेकिन सरकार को बताना चाहिए कि इसका खर्च कैसे वहन किया जाएगा। कहीं फिर जनता पर नया टैक्स तो नहीं बढ़ेगा?

**पीएम मोदी बोले- पेट्रोल-डीजल का....**

रेड्डी को केंद्र के साथ मिलकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अलग-अलग दलों की सरकार होना गलत नहीं है, लेकिन राज्य और देश के विकास के लिए साथ मिलकर काम करना जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि अगर राज्य आगे बढ़ेगा तभी देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार तेलंगाना के लोगों के सपनों को पूरा करने के लिए और तेज गति से काम करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में तेलंगाना में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क दोगुना हो गया है। उन्होंने पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 से पहले संयुक्त आंध्र प्रदेश के लिए रेलवे बजट 1,000 करोड़ रुपये से भी कम हुआ करता था, जबकि आज अकेले तेलंगाना के लिए रेलवे बजट 5,500 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि राज्य में करीब 50 हजार करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है। पीएम मोदी ने कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे मल्टी ट्रैकिंग, ग्रीनफील्ड पेट्रोलियम टर्मिनल और पीएम मित्रा पार्क शामिल हैं।

**यूपी मंत्रिमंडल में नई टीमः मनोज....**

बड़ा मनोवैज्ञानिक झटका माना जा रहा है। मनोज पांडे रायबरेली और अवध क्षेत्र में ब्राह्मण समाज के बड़े नेता माने जाते हैं। उनके शपथ लेने से भाजपा को पूर्वांचल और अवध के बीच एक मजबूत कड़ी मिली है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस मंत्रिमंडल विस्तार का सीधा असर आने वाले समय में राज्य की जमीनी राजनीति पर पड़ेगा, जहाँ भाजपा ने हर समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इन नवनियुक्त मंत्रियों के बीच विभागों का बँटवारा करेंगे। सरकार का मुख्य फोकस अब विकास कार्यों को गति देना और जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है।

**एल्विश यादव को लॉरेंस बिश्नोई....**

इससे पहले, यादव को मार्च 2024 में रेव पार्टियों के लिए सांप का जहर उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन पर सांप के जहर की आपूर्ति करने का आरोप था। हालांकि, इस साल मार्च में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले से संबंधित प्राथमिकी को रद्द कर दिया था। न्यायालय ने सभी कानूनी कार्रवाई को भी समाप्त कर दिया था।

**ईरान ने समुद्र में 3,000 बैरल....**

करीब 150 ऐतिहासिक स्मारकों को नुकसान पहुंचा है। अब सरकार इन धरोहरों की मरम्मत का काम शुरू कर रही है। ईरानी समाचार एजेंसी IRNA के मुताबिक, संसद की पर्यटन समिति के प्रमुख ने बताया कि नुकसान पहुंचने वाले कई स्मारक बेहद पुराने हैं और कुछ 550 ईसा पूर्व के आकेमेनिड साम्राज्य के समय के हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलों में संग्रहालयों, ऐतिहासिक इमारतों और विश्व धरोहर स्थलों को भी नुकसान पहुंचा है। सबसे ज्यादा असर तेहरान, इस्फहान और अन्य ऐतिहासिक शहरों में देखा गया। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि कई जगहों पर मिसाइलों के सीधे हमले नहीं हुए, लेकिन धमाकों की तेज तरंगों और मलबे से इमारतों के शीशे, टाइलें और दीवारें टूट गईं।

**किम जोंग की हत्या हुई तो नॉर्थ.....**

उन्होंने यह भी कहा कि संभव है ऐसी नीति पहले अनौपचारिक रूप से मौजूद रही हो, लेकिन अब इसे संविधान का हिस्सा बना दिया गया है, इसलिए इसका महत्व बढ़ गया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ईरान के मुकाबले उत्तर कोरिया में ऐसा हमला करना कहीं ज्यादा मुश्किल होगा। उत्तर कोरिया दुनिया के सबसे बंद देशों में से एक है। वहां विदेशी डिप्लोमैट्स, सहायता कर्मियों और कारोबारियों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है, जिससे खुफिया जानकारी जुटाना बेहद मुश्किल हो जाता है।

लोकल ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइली खुफिया एजेंसियों ने ईरानी नेताओं पर नजर रखने के लिए हैक किए गए ट्रैफिक कैमरों और डिजिटल सर्विलांस सिस्टम का इस्तेमाल किया था। हालांकि प्योंगयांग में ऐसा करना बहुत कठिन होगा, क्योंकि उत्तर कोरिया में CCTV नेटवर्क सीमित है और वहां इंटरनेट सिस्टम पर सरकार का कड़ा कंट्रोल है। किम जोंग-उन अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर भी बेहद सख्त माने जाते हैं। वे आमतौर पर भारी हथियारों से लैस बॉडीगार्ड्स के बड़े ग्रुप के साथ यात्रा करते हैं और हवाई यात्रा से बचते हैं। इसके बजाय वे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए बख्तरबंद ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं।

**पश्चिम एशिया में फिर बढ़ा तनाव......**

निशाना बनाया गया तो अमेरिका के क्षेत्रीय हितों पर भारी जवाबी कार्रवाई की जाएगी। IRGC ने कहा कि, पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकाने भी संभावित निशाने बन सकते हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री इलाकों में कई जहाजों पर रहस्यमय हमलों की खबरें सामने आई हैं। ईरानी अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया कि तनाव बढ़ने पर दुश्मन देशों के जहाजों को भी निशाना बनाया जा सकता है। क्षेत्रीय संघर्ष के दौरान कथित हमलों में घायल होने की खबरों के बाद मोजतबा खामेनेई की सेहत को लेकर भी अटकलें जारी हैं। कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया था कि, वह पहले हुए सैन्य हमलों में घायल हुए थे, हालांकि ईरानी अधिकारियों ने इस बारे में कोई स्पष्ट पुष्टि नहीं की है। इसके बावजूद उन्हें लगातार रणनीतिक बैठकों और सैन्य फैसलों में सक्रिय बताया जा रहा है।

**एएसआई और एडीएम दफ्तर.....**

ले चुका था और बाकी 15 हजार रुपए की मांग कर रहा था। इसके बाद ACB ने ट्रैप प्लान किया। रविवार को आरोपी ने शिकायतकर्ता को ADM कार्यालय बुलाया। जैसे ही उसने 15 हजार रुपए लिए, ACB टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम ने रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली। ACB अधिकारियों के मुताबिक आरोपी विजय पांडेय के खिलाफ पहले भी रिश्वत लेने की शिकायतें मुखबिरों के जरिए मिल रही थीं। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं, ACB बिलासपुर ने सक्ती जिले के चंद्रपुर थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक एस.एन. मिश्रा को भी 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

# गर्मी में क्रीमी और टेस्टी कुल्फी बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

**कुछ लोग दूध पकाते समय शुरुआत में ही दूध और फ्लेवर इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा जब दूध गाढ़ा हो जाए, तभी चीनी डालो। अगर आप शुरुआत में चीनी डालोगे तो दूध जल्दी गाढ़ा नहीं होगा। आप इसी समय इलायची, केसर, या गुलाब जल डाल सकते हो।**

गर्मी का मौसम आते ही हम सभी कुछ ना कुछ ठंडा खाना चाहते हैं और इसलिए सबसे पहले याद आती है कुल्फी की। ठंडी-ठंडी और मीठी-मीठी कुल्फी खाकर बेहद मजा आ जाता है। अमूमन हम सभी बाजार से कुल्फी लाकर खाते हैं, लेकिन अगर आप चाहो तो इसे घर पर भी बेहद आसानी से बना सकते हैं। हो सकता है कि आपने भी घर पर कुल्फी बनाई हो, लेकिन घर पर कुल्फी बनाने का एक नुकसान यह है कि वह बाजार जैसी क्रीमी और टेस्टी नहीं बनती है। कभी उसमें बर्फ जम जाती है, तो कभी वो बहुत सख्त हो जाती है।

अगर आपने भी अक्सर इस समस्या का सामना किया है और आपको लगता है कि आप परफेक्ट कुल्फी नहीं बना सकते तो आप गलत है। दरअसल, कुछ ऐसे आसान व छोटे-छोटे हैक्स है, जो आपकी कुल्फी को टेस्टी व क्रीमी बनाने में मदद करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हैक्स के बारे में बता रहे हैं-

### दूध को करें गाढ़ा

अगर आप घर पर कुल्फी बना रहे हैं तो ऐसे में दूध को अच्छी तरह गाढ़ा करें और कुल्फी बनाने के लिए फुल क्रीम दूध का इस्तेमाल करें। आप दूध को धीमी आंच पर 30-40 मिनट तक उबालो। साथ ही, दूध को बीच-बीच में चलाते रहो, वरना वह नीचे लग जाएगा।

### चीनी और फ्लेवर सही तरह से करें इस्तेमाल

कुछ लोग दूध पकाते समय शुरुआत में ही दूध और फ्लेवर इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बचना चाहिए। हमेशा जब दूध गाढ़ा हो जाए, तभी चीनी डालो। अगर



आप शुरुआत में चीनी डालोगे तो दूध जल्दी गाढ़ा नहीं होगा। आप इसी समय इलायची, केसर, या गुलाब जल डाल सकते हो।

### ड्राई फ्रूट्स को ना भूलें

कुल्फी बनाते समय ड्राई फ्रूट्स डालना ना भूलें। आप काजू, बादाम, पिस्ता बारीक कट करके डालो। साथ ही, अगर आप थोड़ा सा पेस्ट बनाकर डालोगे तो और इससे क्रीमी टेक्सचर मिलेगा।

### मिल्क पाउडर का करें इस्तेमाल

अगर आपको क्रीमी कुल्फी खाना अच्छा लगता है तो ऐसे में कुल्फी तैयार करते समय मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। मिल्क पाउडर का इस्तेमाल करने से कुल्फी स्मूथ बनती है और इससे आइस क्रिस्टल्स नहीं बनते है।

### लू से बचाएगा यह जबरदस्त ड्रिंक, नोट करें नारियल अनानास कुलुकी की रेसिपी

गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचने और ताजगी पाने के लिए मशहूर फूड क्रिएटर मेघना की 'कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी' रेसिपी ट्राई करें। नारियल पानी, पाइनएप्पल और हरी मिर्च के मीठे-तीखे स्वाद वाला यह समर ड्रिंक एनर्जी देता है और इसे घर पर बनाना बेहद आसान है।

काफी लुका-छुपी खेलने के बाद आखिरकार गर्मियों ने दस्तक दे ही दी है। जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है, हमें अपनी सेहत के प्रति थोड़ा गंभीर हो जाना चाहिए। अक्सर हम धूप और उमस को हल्के में ले लेते हैं, लेकिन यही लापरवाही डिहाइड्रेशन, दस्त या हीट स्ट्रोक जैसी बड़ी समस्याओं की वजह बन जाती है। इससे पहले कि गर्मी आपकी सेहत बिगाड़े, अपनी डाइट में इस ताजगी भरे ड्रिंक को शामिल करें। यह न केवल शरीर को ठंडा रखेगा, बल्कि आपको अंदर से एनर्जी भी देगा।

मशहूर फूड क्रिएटर मेघना ने हाल ही में 'कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी' की एक जबरदस्त रेसिपी शेयर की है। उनके अनुसार, यह ड्रिंक मीठे और तीखे स्वाद का एक अनोखा संगम है। नारियल पानी की ठंडक और पाइनएप्पल की मिठास के साथ जब हरी मिर्च का हल्का सा तीखापन और सब्जा सीड्स का टेक्सचर मिलता है, तो यह साधारण ड्रिंक को भी खास बना देता है।

कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी को तैयार करने के लिए सामग्री

ताजा पाइनएप्पल का गूदा (छना हुआ), ताजा नारियल पानी, भीगे हुए सब्जा (तुलसी के बीज), मिठास के लिए शहद या चीनी, थोड़ा काला नमक, नीबू का रस, ताजी हरी मिर्च (बीच से कटी हुई), पुदीने के पत्ते और ढेर सारे बर्फ के टुकड़े।

कोकोनट पाइनएप्पल कुलुकी बनाने की विधि

सबसे पहले ताजे पाइनएप्पल के टुकड़ों को पीसकर बारीक गूदा बना लें और उसे अच्छी तरह छान लें। सब्जा सीड्स को पानी में तब तक भिगोकर रखें जब तक वे पूरी तरह फूल न जाएं। एक शेकर में पाइनएप्पल का गूदा, नारियल पानी, शहद, काला नमक, नीबू का रस, कटी हुई हरी मिर्च, पुदीने के पत्ते, थोड़े से भीगे हुए सब्जा सीड्स और बर्फ डालें। शेकर का ढक्कन कसकर बंद करें और सभी चीजों का स्वाद आपस में अच्छी तरह मिलाने के लिए उसे जोर से हिलाएं। एक गिलास में थोड़े और सब्जा सीड्स डालें, उसके ऊपर तैयार मिश्रण डालें, और पाइनएप्पल व कटी हुई हरी मिर्च से सजाकर परोसें।

# बच्चों को आंखों की थकान से बचाने के लिए टिप्स



बच्चों में आंखों की थकान और स्क्रीन से जुड़ी आंखों की समस्याएं गंभीर रूप से बढ़ रही हैं, जिससे नेत्र विशेषज्ञों में चिंता की लहर फैल रही है। स्क्रीन पर लंबे समय तक नजर बनाए रखने से बच्चों की आंखों को ड्राईनेस, धुंधलापन, आंखों में थकान और सिरदर्द जैसी परेशानियां हो सकती हैं, खासकर जब वे मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर पर घंटों बिताते हैं। आंखों के विशेषज्ञों ने बताया गया है कि आज के बच्चे पहले से कहीं ज्यादा स्क्रीन टाइम के संपर्क में हैं, जिससे डिजिटल आई स्ट्रेन जैसी समस्याएं सामान्य होती जा रही हैं।

### स्क्रीन टाइम के नुकसान

लगातार स्क्रीन देखने से आंखों की मांसपेशियों पर तनाव बढ़ता है जिससे आंखों में थकान, धुंधला दिखना और जलन जैसी शिकायतें आती हैं। स्क्रीन के नजदीक देखने से आंखों को लगातार फोकस बनाए रखना पड़ता है, जिससे अनुकूलन तनाव होता है और दृष्टि में अस्थायी बदलाव के लक्षण दिख सकते हैं। शोध से यह भी पता चलता है कि स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों में ड्राई आई, दृष्टि दोष और आंखों की समस्याओं का जोखिम बढ़ रहा है। लंबी अवधि स्क्रीन पर देखने से आंखों का नमी संतुलन बिगड़ सकता है और आँखें जल्दी थक सकती हैं।

### माता-पिता को क्या करना चाहिए

आंखों पर जोर और थकान कम करने के लिए विशेषज्ञ कुछ आसान परामर्श देते हैं।



20-20-20 नियम अपनाएं: हर 20 मिनट स्क्रीन देखने के बाद बच्चे को कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु पर नजर डालने का अभ्यास करवाएं।

स्क्रीन टाइम सीमित करें: छोटे बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को दिन में 1 घंटे तक ही सीमित रखें। बड़े बच्चों के लिए स्कूल के अतिरिक्त 2 घंटे से अधिक न देखें।

स्क्रीन की दूरी और टाइम सीमा: सुनिश्चित करें कि स्क्रीन की दूरी कम से कम 18-24 इंच हो और स्क्रीन आंखों के थोड़ा नीचे रखा जाए ताकि आंखों पर तनाव कम हो।

अच्छा प्रकाश और ब्रेक: कमरे में पर्याप्त रोशनी रखें और स्क्रीन से जुड़े कार्य के दौरान नियमित अंतराल पर ब्रेक लें ताकि आंखों को विश्राम मिले।

ऑउटडोर खेल: रोजाना कम से कम 90-120 मिनट की बाहरी गतिविधि या खेलकूद को प्रोत्साहित करें। प्राकृतिक रोशनी में खेलने से आंखों की सेहत बेहतर बनी रहती है और द्द4श्चद्बड्ड (नेत्र दोष) के जोखिम को कम मदद मिलती है।

### बच्चों पर ध्यान दें और उन्हें अच्छी आदतें सिखाएं

विशेषज्ञों का मानना है कि आधुनिक समय में स्क्रीन उपयोग को पूरी तरह बंद करना संभव नहीं है, लेकिन संतुलित समय और सही आदतें अपनाने से बच्चों की आंखों को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। माता-पिता को चाहिए कि वे स्कूल और मनोरंजन के लिए स्क्रीन टाइम को संतुलित रखें, समय-समय पर आंखों की जांच करवाएं और शुरुआती संकेतों पर नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें, ताकि छोटी असहजता बड़ी समस्या न बन जाए।

# दांतों की सेहत को नजरअंदाज न करें



शरीर की देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन अक्सर हम बड़े अंगों के साथ-साथ दांतों की सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। खासकर बच्चों के मामले में। बच्चों के दांतों पर लापरवाही करना एक बड़ी गलती साबित हो सकती है। आजकल छोटे बच्चों में दांतों की समस्याएं तेजी से बढ़ रही है, फिर भी कई माता-पिता इसे गंभीरता से नहीं लेते। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर समय पर बच्चों के दांतों की सही देखभाल न की जाए, तो इसका असर सिर्फ मुंह तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उनकी पूरी शरीर की सेहत पर भी पड़ सकता है।

शुरुआत में ही पहचानें समस्या - बच्चों के दांतों में सड़न (कैविटी) धीरे-धीरे शुरू होती है। शुरुआत में सफेद या हल्के भूरे धब्बे दिखाई देते हैं, जो बाद में गड्ढे (कैविटी) में बदल जाते हैं। यह समस्या बैक्टीरिया और मीठे खाने के कारण होती है, जो दांतों की ऊपरी परत (एनामेल) को नुकसान पहुंचाते हैं।

दांत खराब हुए तो शरीर पर भी असर- दांतों की बीमारी सिर्फ दर्द तक सीमित नहीं रहती। रिसर्च बताती है कि बच्चों में दांतों की सड़न से

खाने में दिक्कत होती है

बोलने पर असर पड़ता है

शरीर का विकास प्रभावित हो सकता है

यानी दांत खराब होने का असर पूरे शरीर और बच्चे के विकास पर पड़ सकता है।

दांत ज्यादा खराब हुए तो क्या होगा?

अगर समय रहते इलाज न कराया जाए, तो दांत की सड़न नस (पल्प) तक पहुंच जाती है। इस स्थिति में डॉक्टर के पास दो ही विकल्प बचते हैं।

दांत निकालना -अगर दांत पूरी तरह से खराब हो जाए और उसे बचाना संभव न रहे, तो डॉक्टर उसे निकालने (टूथ एक्सट्रैक्शन) की सलाह देते हैं। यह स्थिति तब आती है जब सड़न बहुत ज्यादा बढ़ जाती है या संक्रमण दांत की जड़ों तक पहुंच जाता है, ऐसे में दर्द से राहत और आगे की समस्या से बचने के लिए दांत निकालना जरूरी हो जाता है।

रूट कैनाल ट्रीटमेंट -रूट कैनाल ट्रीटमेंट एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें दांत के अंदर मौजूद संक्रमित नस (पल्प) को हटाकर दांत को बचाने की कोशिश की जाती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, जब दांतों की सड़न बहुत गहरी हो जाती है और संक्रमण जड़ों तक पहुंच जाता है, तब दर्द से राहत पाने और दांत को सुरक्षित रखने के लिए रूट कैनाल ट्रीटमेंट जरूरी हो जाता है। ऐसी स्थिति में अक्सर रूट कैनाल या दांत निकालना ही अंतिम विकल्प बचता है।

हर कैविटी में रूट कैनाल ट्रीटमेंट जरूरी नहीं: यह जानना भी जरूरी है कि हर कैविटी में रूट कैनाल जरूरी नहीं होता। अगर समय रहते इलाज हो जाए, तो दांत को बिना रूट कैनाल ट्रीटमेंट के भी बचाया जा सकता है।

बच्चों के दांत कैसे बचाएं?

दिन में 2 बार ब्रश करवाएं

ज्यादा मीठा और जंक फूड से बचाएं

हर 6 महीने में डेंटिस्ट को दिखाएं

दूध पीने के बाद मुंह साफ करवाएं

फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का इस्तेमाल करें।

बच्चों के दांतों को नजरअंदाज करना बड़ी गलती हो सकती है। छोटी सी कैविटी अगर समय पर ठीक न हो, तो आगे चलकर दांत निकालने या रूट कैनाल जैसी बड़ी परेशानी बन सकती है। इसलिए शुरुआत से ही बच्चों के दांतों की सही देखभाल करना बेहद जरूरी है।

# बच्चे के दांत निकलते समय बढ़ी चिड़चिड़ाहट तो इन 5 आसान तरीकों से दें उसे राहत

**छोटे बच्चों में दांत निकलना एक सामान्य लेकिन थोड़ा मुश्किल दौर होता है। इस समय बच्चे अचानक चिड़चिड़े हो जाते हैं, बार-बार रोते हैं और खाने-पीने में भी नखरे दिखाने लगते हैं। ऐसे में माता-पिता घबरा जाते हैं, लेकिन सही देखभाल से बच्चे की तकलीफ को काफी हद तक कम किया जा सकता है।**

### दांत निकलने के सामान्य लक्षण

मसूड़ों में सूजन और दर्द

बार-बार रोना और चिड़चिड़ापन

हर चीज मुंह में डालना

ज्यादा लार आना

नींद और भूख में बदलाव

हल्का बुखार (तेज बुखार नहीं)

ऐसे कम करें बच्चे का दर्द (5 आसान तरीके)

### ठंडी चीजें चबाने को दें


दांत निकलने के दौरान बच्चे को ठंडी और सुरक्षित चीजें चबाने के लिए देना काफी फायदेमंद होता है। ठंडे टीथर, फ्रूट निबलर या हल्के ठंडे फल मसूड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं। आप टीथर को 10-15 मिनट के लिए फ्रिज में ठंडा करके बच्चे को दे सकते हैं, इससे उसे तुरंत राहत मिलती है और चिड़चिड़ापन भी कम होता है।

### ठंडे कपड़े से राहत दें

दांत निकलते समय बच्चे के मसूड़ों को आराम देने के लिए साफ, गीले और ठंडे कपड़े का इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद होता है। आप कपड़े को हल्का ठंडा करके बच्चे को चबाने के लिए दे सकते हैं या उससे मसूड़ों पर धीरे-धीरे रगड़ सकते हैं। इससे मसूड़ों की सूजन कम होती है और बच्चे को दर्द से राहत मिलती है।

### हल्की मसाज करें

दांत निकलने के दौरान बच्चे के मसूड़ों में होने वाली तकलीफ को कम करने के लिए हल्की मसाज बहुत फायदेमंद होती है। साफ उंगली या स्टेरिलाइज्ड गॉज से धीरे-धीरे मसूड़ों की मालिश करने से दर्द में राहत मिलती है और बच्चे को आराम महसूस होता है।



### सॉफ्ट और ठंडा खाना दें

दांत निकलने के दौरान बच्चे को सॉफ्ट और हल्का ठंडा खाना देना उसके लिए ज्यादा आरामदायक होता है। दही, नरम फल या ठंडी खिचड़ी जैसे फूड्स मसूड़ों को राहत देते हैं और आसानी से खाए जा सकते हैं। इस समय बच्चे की भूख कम होना सामान्य है, इसलिए उसे जबरदस्ती खिलाने के बजाय उसकी जरूरत के अनुसार ही भोजन दें।

### साफ-सफाई का रखें खास ध्यान

दांत निकलने के दौरान बच्चे हर चीज मुंह में डालने लगते हैं, इसलिए साफ-सफाई का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। उनके खिलौनों, टीथर और आसपास की चीजों को नियमित रूप से साफ और स्टेरिलाइज करें, ताकि किसी भी तरह के इंफेक्शन का खतरा कम हो और बच्चा सुरक्षित रहे।

### कब डॉक्टर से संपर्क करें?

तेज बुखार हो

बार-बार दस्त लगें

बच्चा बहुत ज्यादा सुस्त या परेशान दिखे

भूख लंबे समय तक कम रहे।

विशेषज्ञों के अनुसार, दांत निकलने के लक्षण आमतौर पर कुछ दिनों तक ही रहते हैं। हल्की परेशानी सामान्य है, लेकिन गंभीर लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। दांत निकलना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन सही देखभाल और छोटे-छोटे उपायों से बच्चे को आराम जरूर दिया जा सकता है। माता-पिता का धैर्य और सही जानकारी इस समय सबसे ज्यादा काम आती है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com